mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS PRINT | WEB | VIDEO

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

RNI : JHAHIN/2014/54374

अख़बार भी, आन्दोलन भी

www.rashtriyamukhyadhara.com

बोकारो, बुधवार
01.5.2024
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 88

राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

**आज मजदूर दिवस पर रहेगा अवकाश**

एक मई को मजदूर दिवस पर अखबार बंद रहेगा। सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकरो एवं राष्ट्रीय मुख्यधारा से जुड़े सभी लोगों को मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अब अगला अंक तीन मई को पढ़ पाएंगे।
सादर धन्यवाद।

## साहब मुझे हिंदुओं जैसा संपत्ति का अधिकार चाहिए : मुस्लिम युवती

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के सामने कई बार चौंकाने वाले मामले आते हैं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली खंडपीठ के सामने एक ऐसी अर्जी आई, जिसमें एक मुस्लिम युवती ने यह कहते हुए भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत संपत्ति बंटवारे का निर्देश देने की मांग की थी कि वह इस्लाम नहीं मानती है। महिला का तर्क था कि वह भले ही मुस्लिम परिवार में जन्मी है लेकिन उसकी आस्था अब इस्लाम धर्म में नहीं है। इसलिए उसकी पैतृक संपत्ति का बंटवारा शरिया कानून के तहत ना होकर भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत करने का निर्देश दिया जाय।खंडपीठ में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी थे। महिला के वकील के तर्कों को सुनने के बाद तीनों जजों की बेंच ने उस पर गहन विचार-विमर्श किया और इस नतीजे पर पहुंची कि यह मुद्दा महत्वपूर्ण है। इसके बाद सीजेआई ने अटॉर्नी जनरल को इस मामले में एमिकस क्यूरी बहाल करने का निर्देश दिया, जो अदालत को कानूनी और तकनीकी पहलुओं से परिचित करा सके। इस मामले की



अगली सुनवाई अब जुलाई 2024 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित है।याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारतीय उत्तराधिकार कानून मुस्लिम धर्म में जन्मे व्यक्तियों को धर्मनिरपेक्ष कानून का लाभ उठाने से रोकता है, भले ही वे शरीयत कानून की धारा 3 के तहत औपचारिक रूप से ये घोषणा करें कि वे अब इस्लामी कानून का पालन नहीं करना चाहते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय उत्तराधिकार कानून की धारा 58 में कहा गया है कि यह मुसलमानों पर लागू नहीं होता है। भले ही आप शरिया अधिनियम के तहत घोषणा न करें, वसीयत आदि पर कोई धर्मनिरपेक्ष अधिनियम नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि जब आप शरियत भी नहीं मानेंगे तो फिर आप पर कौन सा नियम लागू होगा? यह एक अहम विषय है। इसके बाद सीजेआई ने इस पर एक कानूनी अधिकारी के नियुक्ति का आदेश दिया। यह रिट याचिका केरल की एक महिला सफिया पीएम ने दायर की है। सफिया केरल में पूर्व-मुस्लिमों (जो मुस्लिम परिवार में जन्में लेकिन अब इस्लाम में आस्था नहीं रखते) का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संघ की महासचिव हैं। अपनी याचिका में सफिया ने एक डिक्लेरेशन दिया कि जो व्यक्ति मुस्लिम पर्सनल लॉ से बंधे नहीं रहना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानूनों, विशेष रूप से 1925 के भारतीय उत्तराधिकार कानून के तहत वसीयत और गैर वसीयत उत्तराधिकार के मामलों में अधिकार मिलना चाहिए। महिला ने तर्क दिया कि संविधान का अनुच्छेद 25 उसे किसी भी धर्म में आस्था रखने या न रखने की आजादी देता है। इसके साथ ही उनसे कहा कि उसके में पिता भी इस्लाम में आस्था नहीं रखते हैं इसलिए वह भी शरिया कानून के मुताबिक वसीयत नहीं लिखना चाहते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर आप इसकी घोषणा नहीं करते हैं, तो धारा 3 के तहत आप इस कानून के अधीन नहीं आएंगे। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, मैं महिला हूँ, और मेरे भाई को डाउन सिंड्रोम है, उसे 2/3 संपत्ति दी गई है तो क्या मुझे भी वसीयत नहीं की जा सकती है। मेरी एक बेटी है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, इसकी हम घोषणा कैसे कर सकते हैं? सीजेआई ने कहा, आपके अधिकार या हक आस्तिक या नास्तिक होने से नहीं मिलते बल्कि ये अधिकार आपको आपके जन्म से मिले हैं। अगर मुसलमान के रूप में पैदा होते हैं,तो आप पर मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू होगा। जहां तक आपके पिता का सवाल है तो वह भी धारा-3 से बाध्य हैं। जब तक वह भी घोषणा नहीं करते तब तक वह धारा- 2 से बंधे रहेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने मप्र बार काउंसिल अवमानना कार्रवाई मामले में दिया स्टे

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इस मामले में स्टे दे दिया है। इससे पहले मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और बार काउंसिल के अन्य सदस्यों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखा था, जिस पर पीठ ने संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई कर रहे मुख्य न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की डबल बैंच ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा एवं अन्य की बात सुनने के बाद स्थगन आदेश दे दिया। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य के खिलाफ चल रही अवमानना कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर स्टे देने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 15 जुलाई 2024 को नियत करने को कहा है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा कि मप्र बार काउंसिल अध्यक्ष और सदस्यों को आपराधिक अवमानना नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि व्यक्तिगत सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही हटा दी गई, हाईकोर्ट उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही आगे बढ़ा रही है।

## कांग्रेस ने सालों तक पिछड़ों और दलितों के साथ धोखा किया : पीएम

राष्ट्रीय मुख्यधारा। सोलापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के सोलापुर में एक चुनावी सभा को संबांधित करते हुए कहा कि दलित और पिछड़ों के साथ कांग्रेस ने सालों से धोखा किया है। उनसे झूठ बोलकर उन्हे गुमराह किया गया है। अब सच्चाई सामने आ गई है तो बौखला गए हैं। आपने देखा होगा कि ये लोग सिर्फ मोदी को गाली दे रहे हैं, इनके पास चुनाव में कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। कांग्रेस ने दशकों तक एससी, एसटी और ओबीसी से जिस तरह विश्वासघात किया है, उसके चलते ये लोग उससे नाराज हैं। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के 60 सालों के राज में सबसे ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी के परिवारों की ही सबसे ज्यादा हालत खराब रही। गांवों के बाहर झुग्गियों में रहने वाले लोग आखिर कौन हैं? हमारे दलित समुदाय के लोग ही हैं। आज उन लोगों को पहले लाभ मिल रहा है, जो दशकों से पिछड़े हुए थे। हम मानते हैं कि देश के



संसाधनों पर पहला अधिकार उन लोगों का है, जो आखिरी पंक्ति में हैं। महात्मा गांधी भी ऐसा ही कहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि मुफ्त राशन, बिजली, गैस सिलेंडर और आवास जैसी जरूरतें इन्हीं वर्गों की सबसे ज्यादा थीं। उन्होंने कहा कि अब ये लोग झूठ फैला रहे हैं कि संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। मैं पहले ही कह चुका हूं कि खुद बाबासाहेब आंबेडकर चाहें तो संविधान को बदल नहीं सकते। सैकड़ों सालों तक जिनके साथ अन्याय हुआ, हमारे पूर्वजों ने पाप किए होंगे। मेरे लिए यह प्रायश्चित का अवसर है। इसलिए आरक्षण को जितनी ताकत मैं दे सकता हूं, उसके लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं आज ज्यादा से ज्यादा सीटें इसलिए मांग रहा हूं कि एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में खेल न हो सके। पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने आरक्षण का बड़ा हिस्सा माइनॉरिटी को देने का खेल खेला है। इसलिए आपसे मैं आशीर्वाद मांगने आया हूं कि मोदी की मजबूत करो। इसलिए हम उन योजनाओं को लाए और बिना किसी भेदभाव के लागू किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि इन स्कीमों से जोड़ने के लिए हमारी समाज घर-घर पहुंची है। पीएम ने इस दौरान कमजोर आर्थिक वर्ग को मिलने वाले ईडब्ल्यू आरक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमने एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों का हक मारे बिना ही सामान्य वर्ग के गरीबों को आरक्षण दिया। इसके खिलाफ कहीं कोई हिंसा नहीं हुई बल्कि दलित नेताओं ने भी स्वागत किया।

### ख़ास ख़बर

### मुंबई-आगरा हाइवे पर भीषण बस हादसा, पांच की मौत, 17 घायल



**नासिक।** महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की एक बस मुंबई-आगरा हाइवे पर चांदवड के राहुड घाट में भयानक हादसे का शिकार हो गई. ट्रक और बस के बीच हुई भीषण टक्कर में 5 यात्रियों की मौत हो गई. हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे जलगांव से वसई जा रही एसटी बस का हुआ. इस हादसे में 17 यात्री घायल हो गए हैं. घायलों को जिले के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक एसटी बस को बायीं ओर से तेज गति से चल रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी. हादसा राहुड घाट इलाके में हुआ. हादसे के वक्त बस में 45 यात्री सवार थे. सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि यात्रियों को संभलने का वक्त ही नहीं मिला. चालक द्वारा बस पर से नियंत्रण खोने के बाद कई लोग बस से बाहर गिर गए या बस की खिड़कियों से टकरा गए। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया. इस मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहनों के यात्रियों ने रुककर दुर्घटनाग्रस्त एसटी बस के यात्रियों को बाहर निकाला. हादसे के बाद सड़क पर कई यात्रियों के खून से लथपथ पड़े होने की चौंकाने वाली तस्वीर देखी गई. एक प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक घटनास्थल के हालात से साफ है कि हादसे के बाद बस डिवाइडर से टकराकर रुक गई। इस हादसे में घायल 17 यात्रियों को पास के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बहरहाल ये हादसा हुआ कैसे? इसके लिए कौन जिम्मेदार है इसकी गहनता से जांच की जाएगी।

## भागलपुर में लोहे की छड़ों से भरा ट्रक स्कॉर्पियो पर पलटा 6 की मौत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पटना

मौत कब कहां और किस बहाने से आ जाए कोई नहीं जानता। भागलपुर के एनएच 80 पर हुआ एक हादसा हैरान कर देने वाला है। जहां सड़क पर लोहे की छड़ों से लदा ट्रक जा रहा था तभी बगल से एक स्कॉर्पियो कार निकली। कार पूरी तरह ट्रक को क्रॉस करती इससे पहले ही ट्रक का टायर फट गया और सीधा कार पर पलट गया। जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। घटना घोघा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव के पास एनएच 80 पर घटी। जानकारी के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब स्कॉर्पियो कार में सवार सभी लोग मुंगेर से पीरपैंती एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। यह हादसा रात करीब 11:30 बजे हुआ जब छड़ ले जा रहा ट्रक टायर फटने के बाद कार पर



पलट गया। ट्रक पलटने से स्कॉर्पियो कार पापड़ बन गई। घटना के बाद त्वरित कार्रवाई की गई, स्थानीय निवासियों ने घायल व्यक्तियों को बचाने में पुलिस की सहायता की। बचाव कार्य देर रात तक जारी रहा, घायल व्यक्तियों को भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## अमित शाह ने विपक्ष के एक-एक दावे को किया खारिज बोले- आरक्षण खत्म करने के दावे निराधार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गुवाहाटी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष के तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा है कि आरक्षण खत्म करने के दावे पूरी तरह निराधार है। शाह ने असम में पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि विपक्ष का आरक्षण खत्म करने वाली बात निराधार है। उन्होंने आगे कहा आप सभी जानते हैं कि 7 चरणों में होने वाले चुनाव के 2 चरण समाप्त हो चुके हैं। इन दो चरणों के बाद हमारी पार्टी के आंतरिक मूल्यांकन के हिसाब से भाजपा और साथी दल मिलकर 100 के आगे निकल चुके हैं। और हम बड़े विश्वास के साथ जनता के आशीर्वाद और समर्थन से 400 पार



के हमारे लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। अमित शाह ने आगे कहा कांग्रेस झूठ फैलाकर जनता के बीच में भ्रांति पैदा करना चाहती है। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भाजपा एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण की समर्थक है और हमेशा इसके संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाएगी। एससी,एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर किसी राजनीतिक दल में अगर डाका डाला है, तो वो कांग्रेस पार्टी ने डाला है। सबसे पहले उन्होंने संयुक्त आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया, जिसके कारण ओबीसी का रिजर्वेशन कटा. उसके बाद कर्नाटक में उन्होंने रातों-रात बिना किसी सर्वे, पिछड़ापन तय किए बगैर सारे मुसलमानों को ओबीसी कैटेगरी में डालकर उनके लिए 4 प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी पिछड़ा वर्ग का रिजर्वेशन कटा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि असम, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड आदि सभी राज्यों में हमे बहुत बड़ी चुनावी सफलता मिल रही है। इसके साथ-साथ दक्षिण भारत में भी भाजपा को बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। कुछ दिन से कांग्रेस ने हमारे 400 पार के लक्ष्य को ट्वीस्ट करना शुरू किया है। वो अपप्रचार कर रहे हैं कि भाजपा 400 पार करने के बाद संविधान बदल देगी और आरक्षण को समाप्त कर देगी। ये दोनों चीजें निराधार और तथ्यहीन है।

## स्कूलों में छुट्टियां लगते ही ट्रेनों में बड़ी यात्रियों की भीड़

राष्ट्रीय मुख्यधारा। प्रयागराज

कई स्कूलों में छुट्टियां हो गई हैं तो कई स्कूलों में होने होने वाली यानी समर विकेशन के आने से पहले ही लोग अपने बच्चों को छुट्टियों में घुमाने का प्लान करते हैं कोई नाना-नाना तो कोई हिल्स स्टेशन पर जाना पसंद करता है। इसके चलते लोग पहले से ही टिकट बुक करा लेते हैं ताकि आने जाने में कोई परेशान का सामना ना करना पड़े। स्कूल की छुट्टियां पड़ते ही ट्रेनों में भीड़ नजर आने लगी है। ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने आनंद विहार, मुम्बई, पटना, भागलपुर के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। फिलहाल ट्रेनों का एक-एक फेरा लगाया जा रहा है। ट्रेन नंबर 03639 गया से आनंद विहार जाएगी जो एक मई की रात 12:40 बजे प्रयागराज जंक्शन पर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 03640 आनंद विहार-गया स्पेशल एक मई की रात 8:30 बजे, ट्रेन नंबर 03653 गया-आनंद विहार स्पेशल 2 मई की रात 12:40 बजे, ट्रेन नंबर आनंद विहार-गया

- **रेल प्रशासन ने दिल्ली, मुंबई, पटना के लिए चलाईं स्पेशल ट्रेन**



स्पेशल दो मई की रात 8:30 बजे, ट्रेन नंबर 09040 जयनगर से उज्जैन समर स्पेशल मंगलवार सुबह 7 बजे, ट्रेन नंबर 09093 मुंबई सेंट्रल से पटना समर स्पेशल एक मई की रात 3:45 बजे, ट्रेन नंबर 09094 पटना से मुंबई सेंट्रल समर स्पेशल दो मई की रात 8:55 बजे प्रयागराज जंक्शन पर मिलेगी। ट्रेन नंबर 09002 जयनगर से उधना एक्सप्रेस मंगलवार रात 9:05, ट्रेन नंबर 09067 उधना से भागलपुर मंगलवार रात 8:25 जंक्शन आएगी। पंजाब के शंभू स्टेशन पर 13 दिनों से किसान आंदोलन ट्रेनों की रफ्तार में अवरोध बना हुआ है। डायवर्ट रुट से ट्रेनों को चलाया जा रहा है। किसान आंदोलन के चलते सोमवार को कई ट्रेनों को रेल प्रशासन उनके तय मार्ग बदलकर नए मार्ग से चला रहा है। ट्रेनें डायवर्ट होने से देरी से पहुंचीं। (12332) हिमगिरी एक्सप्रेस 11:20 घंटा, (12356) अर्चना एक्सप्रेस 4:08 घंटा, (13006) पंजाब मेल 2.:15 घंटा, (13152) सियालदह एक्सप्रेस 6:47 घंटा, (22423) अमृतसर-गोरखपुर सुपरफास्ट 5:29 घंटा, (13308) गंगा सतलुज एक्सप्रेस 17:14 घंटा, (14674) शहीद एक्सप्रेस 3:15 घंटा, (14649) सरयू यमुना एक्सप्रेस 2:06 घंटा देरी से पहुंची। किसान आंदोलन के चलते 20 ट्रेनें प्रभावित रहीं। बरेली के किशनगंज यार्ड में री-मॉडलिंग, प्री-नॉन इंटरलॉक होगा। 7 व 8 मई को यार्ड री-मॉडलिंग कार्य, 6 मई को प्री-नॉन इंटरलॉकिंग व अलुआबारी स्टेशन पर लूप लाइन के प्रावधान को 7 एवं 8 मई को इंटरलॉकिंग कार्य को ब्लॉक लिया जाएगा। कुछ शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं आंशिक निरस्तीकरण होंगी।

## ....तो मुसलमानों आपका हाल पुराने समय जैसा हो जाएगा

- **चुनावी सभा में बिहार सीएम नीतीश कुमार ने की अपील**

**अररिया।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने चुनाव प्रचार के दौरान मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि मतदान करते समय मुस्लिम समाज ये सब याद रखे कि वह अगर हम लोगों को खत्म कर देंगे तो आपका हाल पुराने समय जैसा हो जाएगा। आपको कोई देखेगा नहीं। सिर्फ झंझट होगा। कोई इंतजाम नहीं होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज से वोट मांगते हुए कहा कि पहले मदरसों को मान्यता नहीं थी, हमने उन्हें मान्यता दी। जो मदरसों में पढ़ाते हैं, हमने उनको सरकारी स्तर पर मानदेय देना शुरू किया। इस दौरान उन्होंने किसी भी नाम लिए बगैर कहा कि पुरानी सरकारों के कार्यकाल में उनकी स्थिति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कब्रिस्तान को लेकर झगड़े होते रहते थे। हमने उन्हें चिन्हित किया और कब्रिस्तानों की घेराबंदी करवाई।

## प्रज्जवल रेवन्ना जेडी (एस) से निष्कासित



**नई दिल्ली।** कर्नाटक की हासन सीट से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को आज जनता दल (सेक्यूलर) से कथित 'यौन उत्पीड़न' मामले में निष्कासित कर दिया गया। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी की टिकट पर वे इसी सीट से चुनावी मैदान में भी हैं। 26 अप्रैल को सीट पर मतदान हुआ था, जिसके एक दिन पहले रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। जेडीएस की कोर कमेटी की आज बैठक में यह निर्णय लिया। पार्टी नेता एचडी कुमार स्वामी ने पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी रेवन्ना पर कोई सीधा आरोप नहीं लगा है, केवल संदेह की स्थिति है। हालांकि संदेह के आधार पर ही पार्टी से उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश की गई। इसे पार्टी अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा ने स्वीकार कर लिया। प्रज्जवल रेवन्ना के वीडियो वायरल होने के बाद से ही तरह-तरह के आरोप सामने आ रहे हैं। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस इसको लेकर पार्टी और उसकी सहयोगी भाजपा पर हमलावर है। महिला गरिमा के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष के नेता अपनी रैलियों में इसका मुद्दा उठा रहे हैं। मामले में रेवन्ना के खिलाफ पुलिस जांच जारी है। वे इससे पहले विदेश जा चुके हैं। जेडीएस ने उनसे मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## डीप फेक का इस्तेमाल कर रही कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बना कर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है। मंगलवार को डीप फेक पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि "आम चुनाव से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना चुनाव प्रचार चला रहा है। झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं। ठाकुर ने



आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें, उनकी हार निश्चित है लेकिन अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जिन-जिन राज्यों में सरकार बनाती है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर अपने वोटबैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। लेकिन हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे। कांग्रेस को कई सीटों पर उम्मीदवार तक खोजने में परेशानी हो रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बंगाल सरकार को संदेशखली और शाहजहां शेख के मामले में एक पक्ष बनने के आग्रह पर फटकार लगाए जाने को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है।



## संक्षिप्त समाचार

### डीएवी प्रबंधन द्वारा कोरोना काल का फीस लेना सरकारी आदेश की अह्वेलना, कानूनी कार्यवाही करें जिला प्रशासन : महेंद्र राय



**बोकारो।** निजी स्कूलों के मनमानी पर डीएवी सेक्टर 4 व एस वी एन चास के अभिभावकों ने जिला उपायुक्त कार्यालय में आवेदन दिया। झारखंड अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष सह जिला समिति के सदस्य महेंद्र राय ने कहा कि डीएवी सेक्टर 4 के स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों से कोरोना काल के समय की re adm/ इनुवाल चार्ज वर्तमान के फीस मे जोड़ कर मांगा जा रहा है। अभिभावकों को बैक ड्यूज की राशि बताकर 2020, 2021 की फीस मांगा जा रहा है। जब अभिभावको ने बैक dues के बारे में जानना चाहा तो प्रबंधन ने कहा कि यह फीस 2020, 2021 की इनुवाल चार्ज है जिसे आपको जमा करना होगा। नही देने पर बच्चो को रोक दिया जायेगा। अभिभावकों ने प्रबंधन से कहा सरकार का आदेश था सिर्फ ट्यूशन फीस लेने को। महेंद्र राय ने कहा कि डीएवी प्रबंधन सरकार के आदेश की धज्जियाँ उड़ा रही है । जिला प्रशासन स्कूल प्रबंधन पर सख्त कानूनी करवाई करें। सरकार के आदेश से बड़ा नही है स्कूल प्रबंधन। वही एस वी एन चास द्वारा री एडमिशन पर काफी बढ़ोतरी की गई हैं जो अभिभावकों पर मानसिक तनाव पैदा कर रही है। महेंद्र राय ने बताया कि पूर्व में झारखंड अभिभावक संघ द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी आरोप पत्र सौपा गया था उसका जवाब देने के लिए निजी स्कूलों को 2 मई तक जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर कहा गया है।

### दूसरे दिन कुल तीन ने खरीदा नामांकन प्रपत्र, निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती उषा सिंह ने भरा परचा



**बोकारो।** 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन मंगलवार को नाम-निर्देशन के लिए कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। जबकि, एक ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। अब तक कुल 12 लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो सह निर्वाची पदाधिकारी 06 गिरिडीह लोकसभा संसंदीय क्षेत्र विजया जाधव ने कहा कि दूसरे दिन कुल तीन लोगों ने नामांकन प्रपत्र जिला नजारत शाखा से खरीदा है। वहीं, एक निर्दलीय उम्मीदवार उषा देवी, स्व. रविन्द्र नाथ सिंह, ग्राम – पो. फुसरो, पीएस. बेरमो, जिला बोकारो ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

**30 अप्रैल को नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों के नाम है:–** पप्पु कुमार निषाद, कतरास, जिला धनबाद, पार्टी – भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी। सुनिता टुडू, जरीडीह, जिला बोकारो, पार्टी – निर्दलीय । कमल प्रसाद, नावाडीह, जिला बोकारो, पार्टी - बहुजन समाज पार्टी ।

### केबी कॉलेज की एनएसएस इकाई ने की प्याऊ की व्यवस्था



**बोकारो।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में एन एस एस यूनिट एक ने गर्मी में प्यासे लोगों को राहत दिलाने के लिए प्याऊ की व्यवस्था की। पांच मिट्टी के मटके रखवाए गए। यह प्याऊ पूरी गर्मी तक लगी रहेगी। साथ ही कालेज परिसर के पौधों मे पानी डालने का कार्य एन एस एस स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। प्राचार्य ने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाएं। भीषण गर्मी मे यही लोगों और पौधों जीव जंतुओं की प्यास बुझाता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने बताया जल ही जीवन है। पानी पिलाना पुण्य कार्य स्वरूप है चाहे इंसान हो या पौधे। हीट वेव से बचाव पानी ही उपलब्धता से ही संभव है। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधों को पानी देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पोस्टर के माध्यम से सुमित कुमार सिंह, दानिया फिरदौस, स्लोगन से दानिया फिरदौस, निबन्ध से तनीषा कुमारी तथा भाषण के माध्यम से मिलन कुमार गुप्ता ने जागरुकता का संदेश दिया। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा नीला पूर्णीमा तिर्की, प्रो संजय कुमार दास समेत पुरुष व महिला स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहे।

### इस्पातनगर रेलवे स्टेशन के सेवानिवृत्त रेलपथ कर्मचारी को दी विदाई




**बोकारो।** इस्पात नगर के अभियंत्रण रेल पथ कर्मचारी अब्राहम बेसरा मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। इस्पात नगर के रेल कर्मियों के द्वारा अंग वस्त्र और समान देकर उन्हें हार्दिक शुभेच्छाओं सहित विदाई दी गई। लगभग 30 वर्ष तक सेवा देने वाले राजेंद्र प्रसाद पीडब्ल्यूआई/बीकेएससी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, योगेंद्र कुमार, ध्रुव कुमार त्रिपाठी, नेवालाल मांझी, बिनोद बिहारी गोप, गोपाल प्रसाद नायक, बिनोद कुमार सिंह, राजू रंजन, प्रदीप कुमार, हेमंत कुमार महतो, दीपक कुमार, चंदन कुमार, राजेश, दिनेश, विवेक, राजकुमार, अजीत, अर्जुन, मनोज कुमार, दुर्गा, प्रत्योष, अजय, हरेंद्र सहित आदि मौजूद रहे।

### डीवीसी सिविल के अवकाश प्राप्तकर्मी को दी गई विदाई



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल डीवीसी सिविल कार्यालय स्थित भू-संपदा विभाग के कर्मी कार्तिक घोष को कार्यालय स्थित परिसर में समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। अवकाश प्राप्त करनेवालें कर्मी को डीवीसी के डीजीएम सिविल विश्वमोहन गोस्वामी, प्रबंधक सिविल राहुल उरांव, प्रबंधक एचआर सुनील कुमार, भू-संपदाधिकारी अविनाश सिन्हा, पवन कुमार, कल्याणी कुमारी, ओएस एनुल हक अंसारी, बृज किशोर सिंह सहित सभी कर्मियों ने शॉल ओढ़ाकर,उपहार एवं स्मृति चिह्न देकर विदाई दी। मौके पर डीजीएम सिविल सहित उपरोक्त सभी अधिकारियों ने कार्तिक घोष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं समाज में आगे के जीवन का योगदान को लेकर मंगलकामना की। मौके पर विभाग के रंजीत कुमार, आरपी केडिया, अरुण कुमार, विकास तिवारी, सुमन कुमार, रवि चक्रवर्ती, एस सिंह, कपिल, मो मनीरुद्दीन सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

### शार्ट सर्किट से केबल में आग लगी

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल कार्मेल स्कूल स्थित एसटीपी का निर्माण कार्य करनेवाली कंपनी भरतजी पटेल कार्यालय के समीप डीवीसी कॉलोनी सप्लाई वाले बिजली के केबुल में आग लग जाने से जल गयी। बताया जाता है कि उक्त केबुल से हरिजन बस्ती के लोग बिजली का कनेक्शन अवैध रूप से जैसे तैसे ले गये हैं। मंगलवार की दोपहर लगभग दो बजे शार्ट सर्किट से आग लग गयी, जिससे वहां से ले जाया गया सभी तार और केबुल जल गया। आग लगने की घटना से वहां का सभी घास फूस भी जल गया।

# छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अंतर-केंद्र क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन









राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। इसी के निमित ई एस एल स्टील लिमिटेड और अन्य सभी वेदांता कंपनियां उन समुदायों की भलाई के लिए प्रयासरत है। मंगलवार को बच्चों को उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में मदद करने और प्रतियोगियों के बीच उपलब्धि और गर्व की भावना पैदा करने के अलावा उनके ज्ञान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, विशेष रूप से विभिन्न ई एस एल स्टील लिमिटेड के प्रोजेक्ट प्रेरणा केंद्रों (ट्यूटोरियल और ड्राइंग) एवं एक्सेल 30 क्लासेज जैसे शैक्षिक हस्तक्षेप कार्यक्रमों में नामांकित लोगों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन ई एस एल स्टील लिमिटेड द्वारा अपने कार्यान्वयन भागीदार सार्थक सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ किया गया । ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे का विचार छात्रों को अपने पाठ्य ज्ञान से परे देखने और उन्होंने जो सीखा है उसके सिद्धांत और अनुप्रयोग के बीच संबंध स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ई एस एल स्टील लिमिटेड विज्ञान प्रदर्शनी, कला शो, क्विज़ आदि सहित कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। ये इंटरैक्टिव मंच हैं जहां छात्र न केवल पुरस्कार लेने या प्रसिद्ध होने के लिए भाग लेते हैं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने, शिक्षाविदों से परे उत्कृष्टता हासिल करने और सुरक्षित होने के अवसर तलाशते हैं। उनका भविष्य साथ ही इनमें से अधिकांश गतिविधियाँ उन्हें अपने टीम वर्क कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करती हैं। क्विज़ प्रतियोगिता में छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित लगभग 100 लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई, जो प्रतियोगियों को प्रेरित करने के लिए आए थे। मोइन अंसारी, प्रिंसिपल, एमजेएम स्कूल, बिजुलिया सहित गणमान्य व्यक्ति, मनोज तिवारी, पूर्व मुखिया, चंदाहा पंचायत और संटू रॉय, उपाध्याय, किसान युवा मोर्चा ने इस तथ्य की बहुत सराहना की कि ई एस एल स्टील लिमिटेड ने अपनी सहयोगी कार्यान्वयन एजेंसी के साथ मिलकर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और वे इस बात से काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर ई एस एल स्टील लिमिटेड के सी एस आर, ई आर और पी आर प्रमुख आशीष रंजन ने कहा "ई एस एल स्टील लिमिटेड हमेशा हमारे संयंत्र के आसपास के समुदायों के समग्र विकास और खुशी पर ध्यान केंद्रित करता है। हम अपने छात्रों के बीच रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इस तरह की पहल प्रतिभा को आगे बढ़ाती है, टीम निर्माण प्रयासों को प्रोत्साहित करती है और एक जीवंत सीखने के माहौल को बढ़ावा देती है जो शिक्षा से परे है। हमारे पूरे इतिहास में, वर्तमान में, और भविष्य की ओर देखते हुए, ई एस एल स्टील लिमिटेड चल रहे सी एस आर पहलों के माध्यम से समुदाय की भलाई का समर्थन करने के लिए समर्पित है, जो एक खुशहाल और संपन्न समुदाय को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।" पूरी प्रतियोगिता ई एस एल स्टील लिमिटेड में सी एस आर के उप प्रमुख राकेश मिश्रा के देख रेख में की गई। मिश्रा ने कहा कि जो कठिन प्रश्नों या चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों से प्रतियोगियों का आत्मविश्वास कम नहीं हुआ। जो अपने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने आए थे, उन्होंने देखा कि उनके बच्चों को किसी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं है और वे बेहद सफल आयोजन का आनंद भी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे और भी आयोजन करते रहेंगे, जिससे बच्चों के विकास में मदद मिलेगी।

**विभिन्न श्रेणियों के विजेता इस प्रकार रहे –** ग्रुप ए (प्रेरणा ट्यूटोरियल्स (5 टीमें)) में पहला स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, मोदीडीह ने हासिल किया; दूसरा स्थान प्रेरणा ड्राइंग सेंटर, चंदाहा ने और तीसरा स्थान प्रेरणा ट्यूटोरियल्स, कुमाटांड ने हासिल किया। ग्रुप बी में (प्रेरणा केंद्र (5 टीमें); प्रथम प्रेरणा केंद्र, चंदाहा; दूसरा स्थान प्रेरणा केंद्र, सियालजोरी, तीसरा स्थान प्रेरणा केंद्र, योगीडीह रहा। जबकि ग्रुप सी में (वेदांत ईएसएल एक्सेल 30 सेंटर (5 टीमें) - टीम 1 जीती।

## चुनाव को ले पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल

बोकारो एसपी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के तहत बोकारो थर्मल थाना के पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को स्थानीय डीवीसी ऑफिसर्स क्लब एवं लाल चौक पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की डिक्की एवं डैशबोर्ड को खोलकर हथियार एवं रुपयों की जांच की। जांच के दौरान पुलिस को किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक सामान नहीं मिले। दोपहिया वाहन चालकों को पुलिस ने हिदायत दी कि वे हेलमेट लगाकर एवं वाहन के कागजात को साथ लेकर चलें। मौके पर थाना के अनि मनोज कुमार सिंह, भागीरथ महतो तथा हवलदार एवं जवान शामिल थे।

## अंगार बनी धरती, शोले बरसा रहा आसमान, आम जनजीवन ठप

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

**बोकारो में पारा 45 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, 24 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली लू**



बोकारो में इस बार की गर्मी अपने-आप में काफी रौद्र मानी जा रही है। मंगलवार को इस सीजन का सबसे अधिक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 22 से 24 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से झुलसा देने वाली लू के थपेड़ों ने लोगों का घर से जीना मुहाल कर दिया। स्थिति ऐसी है मानो धरती अंगार बन चुकी हो और आसमान से शोले बरस रहे हों। इसके कारण आम जनजीवन ठप सा हो चुका है। लोगों का अपने घरों से निकला दूभर हो चुका है। बाजारों में ऐसी वीरानी देखी जा रही है मानो कर्फ्यू लगा हो। दोपहर 2 बजे तेज झोंके के साथ लू के थपेड़े ऐसे चल रहे थे जैसे चिमनी का धुआं। शहरवासियों में मुन्ना सिंह, सरोज झा सहित कई लोगों ने कहा कि बोकारो में आजतक उन्होंने अप्रैल महीने में ऐसी गर्मी नहीं देखी थी। अभी यह स्थिति है तो मई जून आते-आते क्या होगा, यह सोच-सोचकर लोग सहमे हुए हैं। सुबह के 7-8 बजे के बाद से ही लू के थपेड़े चलने लग रहे हैं और शाम पांच-साढ़े पांच तक गर्मी की तपिश बनी रह रही है। झुलसाती गर्मी की इस तपिश में सड़कों पर दोपहिया या पैदल चलना शोलों से गुजरकर चलने जैसा प्रतीत हो रहा है। लोग अभी से ही घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। वे दिन भर घर में दुबके रहने को विवश हैं। अनिवार्यतावश मजबूरी में जो लोग निकलते भी हैं तो पूरे एहतियात के साथ मुंह बांधे।

**आज भीषण उष्ण-लहर की चेतावनी, यलो अलर्ट जारी–** मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने जारी वेदर बुलेटिन में बताया कि बुधवार को बोकारो सहित कई जिलों में सीवियर हीट वेव चलेगी। इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिले में मंगलवार को पिछले 24 घंटे में सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को 45 डिग्री के बाद बुधवार को 44 डिग्री, गुरुवार को 43, शुक्रवार को 42 और शनिवार को 41 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहने की संभावना है। जबकि, बुधवार को राज्य में पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में कहीं-कहीं भीषण उष्ण-लहर की स्थिति देखी जा सकती है। 2 मई तक राज्य में हीट वेव की स्थिति का अनुमान है। अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य में अगले दो-तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें गिरावट आने के आसार हैं।

**लू के कारण तुपकाडीह बाजार में सन्नाटा–** तेज धूप गर्मी और लू के कारण मंगलवार को तुपकाडीह बाजार की दुकानें दिन के 11 बजते ही बंद हो गईं। मेन रोड में वाहनों के गमनागमन थम गये। दिनभर कर्फ्यू जैसा देखने को मिला। दिन में खुले रहने वाले होटल भी बंद करके दुकानदार अपने घर चले गये। शाम 5 बजे के बाद बाजार की चहल-पहल लौटी। अप्रैल माह के अंतिम दिन ने लोगों को आने वाले मई और जून माह में होने वाली गर्मी की चिंता बढ़ा दी है। दुकानदारों ने बताया कि इस तपती धूप में दूर दूर से आने वाले ग्राहक सुबह या शाम को बाजार आयें।

## बोकारो स्टील से सीजीएम व सहित 61 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**सुखमय अवकाश-प्राप्त जीवन की शुभकामना के साथ दी गई विदाई**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) हर्ष निगम उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी देते हुए प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) श्री निगम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। अप्रैल 2024 में बीएसएल से कुल 06 अधिशासी तथा 55 अनाधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी, सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया।

मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरीज) वेद प्रकाश उपाध्याय के लिए निदेशक प्रभारी के सम्मेलन कक्ष में अलग से एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक प्रभारी सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक-प्रभारी श्री महापात्रा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किये। सभी ने सेवानिवृत्त हो रहे श्री उपाध्याय को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

## इंटर में श्री महावीरजी उच्च विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

तालगड़िया (बोकारो)

झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित बारहवी की परीक्षा परिणाम में चास प्रखंड के बिजुलिया स्थित श्री महावीर जी उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कला संकाय में 351 में से 330 उत्तीर्ण हुए हैं अर्थात 95 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जिसमें 70 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। 255 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, वहीं पांच छात्र तृतीय श्रेणी में पास हुए। जबकि विज्ञान संकाय में 88 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 17 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं और 13 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार, वाणिज्य संकाय में 92 फीसदी विद्यार्थी सफल हुए हैं।छह विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और छह द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कला संकाय में संदीप कुमार हाजरा ने 406 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। विज्ञान संकाय में रोशन सिंह 410 अंक के साथ अव्वल रहे। वहीं, वाणिज्य संकाय में पायल कुमारी ने 392 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# बोकारो से सुलगी थी पिछले साल बर्ड फ्लू की चिंगारी, सामने आया था सबसे पहला मामला

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

**इस बार रांची में मुर्गियों की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट, टीमें गठित– डीके वत्स**



मुर्गे से बनने वाले चिकन तंदूर, चिल्ली चिकन, लेग कबाब जैसे लजीज व्यंजनों के शौकीन लोगों को एक बार फिर अपने स्वाद और अपनी जीभ पर लगाम लगाने की जरूरत आन पड़ी है। वजह यह कि एक बार फिर झारखंड में बर्ड फ्लू का जिन्न जाग चुका है। झारखंड की राजधानी रांची में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि हुई है। शहर के होटवार इलाके के रीजनल पोल्ट्री फार्म में खबर लिखे जाने तक लगभग दो हजार मुर्गियों के साथ 2200 से अधिक पक्षियों को मारा जा चुका है। इसके साथ ही बोकारो जिले में भी प्रशासन अलर्ट मोड में आ चुका है। गौरतलब है कि विगत वर्ष बर्ड फ्लू का मामला फरवरी महीने के अंत में बोकारो से ही सामने आया था। सेक्टर-12 स्थित मुर्गी पालन केन्द्र में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद फार्म के एक किलोमीटर के दायरे में बर्ड फ्लू ग्रसित लगभग चार हजार मुर्गियों और बत्तखों को मारा गया था। इससे पहले 800 पक्षियों की मौत हो गई थी और 103 को तत्काल मारना पड़ा था। जांच में कड़कनाथ नामक मुर्गे में एवियन इंफ्लूएंजा वायरस के एक प्रकार एच5 एन1 की पुष्टि हुई थी। इसके पहले वर्ष 2019 में झारखंड के गोड्डा जिले में आखिरी बार बर्ड फ्लू का मामला सामने आया था। इधर, राज्य में एक बार फिर बर्ड फ्लू का केस सामने आने के बाद बोकारो का प्रशासनिक महकमा अलर्ट हो चुका है। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला पशुपालन विभाग की टीम हरकत में आ चुका है। हालांकि, जिले में खबर लिखे जाने तक तक बर्ड फ्लू को लेकर कोई मामला सामने नहीं आया है। डीसी के मुताबिक, विभाग इसकी कड़ी निगरानी रख रही है। विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर ली है। पशु चिकित्सकों व कर्मचारियों की जिला व प्रखंड स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम, क्विक रिस्पांस टीम गठित की गई है। कुक्कुट की अचानक मौत होती होने पर अविलंब इसकी सूचना जिला व प्रखंड टीम को देने की अपील की गई है। हालांकि, विभाग के पास बर्ड फ्लू की जांच के लिए किट उपलब्ध नहीं हैं। इसके लिए जिला पशुपालन विभाग ने राज्य निदेशालय से किट की मांग की है। इसके बाद ही यहां के मुर्गियों का सैंपल लिया जाएगा। चिकन के ब्लड सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने सेक्टर-12 स्थित कुक्कुट पालन केंद्र की सफाई करने का निर्देश दिया है।

**जिले में 89 निबंधित मुर्गी फार्म–** प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में सेक्टर-12 स्थित कुक्कुट पालन केंद्र में 500 मुर्गे हैं। इनमें 350 के करीब कड़कनाथ मुर्गे हैं। प्रत्येक दिन 150 से 200 अंडों का उत्पादन किया जाता है। बोकारो में 89 रजिस्टर्ड मुर्गी फार्म है। इसके अलावा 500 से 1000 मुर्गी पालक हैं।

**हेल्पलाइन जारी–** 9123494138 - डा. विनय कुमार सिन्हा, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी (तेनुघाट), 8102771809 - डा. पुष्पा कुमारी, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, 9973752779 - डा. अशोक कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी (चास), 9693440204- विनोद कुमार दास, पशुधन सहायक माडल अस्पताल चास

**सीमावर्ती क्षेत्रों पर कड़ी नजर–** पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार मणि के अनुसार, सभी मुर्गीपालकों को एहतियात बरतने को कहा गया है। इतना ही नहीं जिले के बॉर्डर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बाहर से मुर्गियां नहीं आने दी जा रही हैं। खासकर बंगाल और रामगढ़ की सीमा पर नजर रखी जा रही है। चास प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि जब तक कोई रिपोर्ट नहीं आती है, तब तक किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### मधुबन से महाबीर जयंती के दिन 21 अप्रैल से लापता व्यक्ति का नहीं मिला अब तक कोई सुराग

**परिजनों ने मधुबन पुलिस से गुमशुदा सुनील को सही सलामत खोज निकालने की लगाई गुहार**



**पीरटांड़**। जिले के पीरटांड़ प्रखंड के मधुबन थाना क्षेत्र के शिखरजी निवासी एक 50 वर्षीय व्यक्ति सुनील कुमार जैन के लापता होने की खबर है। सुनील जैन के लापता होने से परिवार के लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं परिजनों ने सुनील जैन के लापता होने की सूचना मधुबन थाना में देकर गुमशुदा सुनील को सही सलामत खोज निकालने की गुहार लगाया है।

गुमशुदा सुनील कुमार जैन के पुत्र शुभम कुमार जैन ने बताया कि उनके पिता काफी शांत स्वभाव के हैं। वह किसी से भी ज्यादा बात चीत भी नहीं करते है। शुभम ने बताया कि बीते 21 अप्रैल दिन रविवार को मधुबन के आनंदा पार्श्वनाथ मंदिर में महावीर जयंती मनाई जा रही थी। उस दिन उनके पिता सुनील कुमार जैन दिन के करीब 12:30 बजे तक मन्दिर परिसर में नज़र आये थे। लेकिन उसके बाद वह अचानक गायब हो गये। बताया कि पिता के अचानक गायब हो जाने के बाद परिवार के लोग उनकी काफी खोजबीन किया। लेकिन उनके पिता गुमशुदा सुनील जैन का कहीं कुछ पता नहीं चल पाया है।

इधर, सुनील जैन के आचनक लापता हो जाने से परिवार वाले जहां काफी घबरा हुए है, वहीं किसी अनिष्ट की आशंका से भी काफी भयभीत है। सुनील के गुम होने के बाद से परिवार के लोग लगातार अपने स्तर से काफी खोजबीन किया, लेकिन जब उनका कहीं कुछ पता नहीं चल पाया तो अंततः मधुबन पुलिस को सुनील के गुमशुदगी की सूचना दिया। परिजनों ने गुमशुदा सुनील कुमार जैन को सही सलामत खोज निकालने की पुलिस से गुहार लगाया है। वहीं सुनील की गुमशुदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हैं।

### धनबाद संसदीय क्षेत्र से सुनैना किन्नर लडेगी चुनाव, 03 मई को करेगी नामांकन

**यूपी सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त कल्याण बोर्ड की सदस्य किन्नर कौशल्यानंद गिरी होंगी शामिल**



**धनबाद**। पूरे झारखंड प्रदेश में सम्भवतः धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ही एक मात्र ऐसा पार्लियामेंट्री सीट होगा जहां से आसन्न चुनाव में एक किन्नर बतौर प्रत्याशी चुनाव लड़ेगी। सुनैना किन्नर जो थर्ड जेंडर समुदाय से आती है। वह आगामी 3 मई को धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने हेतु अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल करेगी। उन्होंने अपना नाम निर्देशन कराने हेतु नाम निर्देशन प्रपत्र की ख़रीदादारी भी कर ली है।

धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में नामांकन कराने वाली सुनैना किन्नर के नामांकन के दिन उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंडलेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर किन्नर कौशल्या नंद गिरी मुख्य रूप से भाग लेगी। जिसकी सारी तैयारी किन्नर समाज द्वारा जोर शोर से की जा रही है।

गौरतलब है कि विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े प्रत्याशियों के नामांकन में उस राजनीतिक पार्टी से जुड़े आला नेतागण के अलावे सहयोगी दल के नेतागण शामिल होते हैं, और प्रत्याशी की जीत के लिये लोगों से चुनाव में मतदान करने की अपील करते हैं। लेकिन सुनैना किन्नर के नामांकन में किन्नर समाज से जुड़े लोग शामिल होंगे और आम जनता से सुनैना किन्नर के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगी। धनबाद जिले के लिए सुनैना किन्नर का लोकसभा चुनाव में नामांकन अपने आप मे मिशाल होगा। सम्पूर्ण झारखंड प्रदेश में पहली बार धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से थर्ड जेंडर समाज से जुड़ी कोई किन्नर चुनाव लड़ेगी। सुनैना किन्नर के नामांकन के दौरान झारखण्ड प्रदेश के अलावे बिहार बंगाल और उत्तर समेत कई राज्यों से किन्नर समाज से जुड़े लोगों के साथ कई सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का जुटान होगा।

### हीट वेव का कहर : दुमका में बस स्टैंड के पास लू लगने से एक व्यक्ति की मौत, एक गम्भीर



**दुमका**। प्रचंड गर्मी का कहर इन दिनों पूरे प्रदेश में जारी है। तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। नतीजतन पारा 42-43 डी तक पहुंच चुका है। इस हीट वेव के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

लगातार बढ़ रही हीट वेव के मद्दे नजर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। वहीं विभाग ने एडवाइजरी भी जारी की है। जिसमें स्पष्ट कहा गया है पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है। विभाग ने लोगों से इस दौरान घरों से बाहर निकलने से परहेज करने की अपील की है ताकि लोग लू की चपेट में आने से बच सकें।

इस बीच दुमका में बस स्टैंड के पास लू लगने से दो राजगीर सड़क पर बेसुध हो गिर पड़े। जिसमें एक की मौत हो गई थी। जबकि दूसरा बेसुध पड़ा था। फिलहाल दोनों मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर दोनों बेसुध पड़े राहगीरों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का इलाजे जारी है। पुलिस ने मृतक के शवों को अपनी अभीरक्षा ले आगे की कार्रवाई करने में जुटी है। साथ ही पुलिस दोनों की शिनाख्त कराने में भी जुटी है।

### इंटरमीडिएट रिजल्ट : जगरनाथ महतो इंटर कॉलेज का रिजल्ट रहा शत् प्रतिशत

**डुमरी**। जैक द्वारा मंगलवार को जारी इंटरमीडिएट के रिजल्ट में जगरनाथ महतो इंटर कॉलेज मंझिलाडीह का रिजल्ट तीनों संकाय में शत प्रतिशत रहा। कॉलेज प्राचार्य महेन्द्र मंडल ने बताया कि तीनों संकाय में कुल 513 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी सफल रहे।

कला संकाय में मंजू कुमारी 416 नंबर पूजा कुमारी 409 नंबर यादिता कुमारी 400 नंबर विज्ञान संकाय में दीपांशु यादव 435 नंबर दानीश रजा 425 नंबर रोसिन कुमार 422 नंबर दीपक यादव 422 नंबर जबकि वाणिज्य संकाय में फैजल रजा 272 नंबर लाकर कॉलेज का नाम रौशन किया।

वहीं झारखंड इंटर कॉलेज डुमरी के विज्ञान संकाय में सुमित कुमार 448 अंक 89.6 प्रतिशत, मुकेश कुमार 430 अंक 86 प्रतिशत, प्रियानी कुमारी 421अंक 84.2 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में अर्पिता गुप्ता 409 अंक 81.8 प्रतिशत, सौरभ कुमार 404 अंक 80.8 प्रतिशत, सुधांशु कुमार गुप्ता 396 अंक 79.2 प्रतिशत एवं कला संकाय में मिथुन कुमार 386 अंक 77.2 प्रतिशत,सचिन कुमार महतो 381अंक 76.2 प्रतिशत, खुर्शीद आलम 365 अंक 73 प्रतिशत के साथ सफलता हासिल किया है।

जबकि प्लस टू केबी उच्च विद्यालय डुमरी के कला संकाय में सन्नी कुमार 436 अंक निवेदिता कुमारी 382 अंक बॉबी कुमारी 356 अंक मिनल कुमारी 351 अंक काजल कुमारी 344 अंक एवं प्रिया सिन्हा 332 अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है।

# कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये 02 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन





राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये मंगलवार को कुल 02 अभ्यर्थियों नामांकन किया हैं। मंगलवार को नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों में मूल निवासी समाजपार्टी के अजय कृष्णा एवं निर्दलीय प्रत्याशी शहादत अंसारी शामिल हैं। दोनों ही अभ्यर्थियों ने दो दो सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से मंगलवार को चुनाव लड़ने के लिये नाम निर्देशन कराने वाले दोनों अभ्यर्थियों ने निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को अपना नाम निर्देशन प्रपत्र सौंपा।

बता दें कि कोडरमा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से अब तक चार अभ्यर्थियों ने नामांकन कराया है। जिनमे निर्दलीय प्रत्याशी आशीष कुमार, लोकहित अधिकार पार्टी के अखिलेश्वर साव, मूल निवासी समाज पार्टी के अजय कृष्ण एवं निर्दलीय प्रत्याशी शहादत अंसारी शामिल हैं।

कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये नाम निर्देशन की अंतिम तिथि- 03 मई एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06 मई निर्धारित है। जबकि मतदान की तिथि आगामी 20 मई को प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। जबकि मतगणना आगामी 04 जून को होना है।

### गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सईद आलम ने किया नामांकन



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए मंगलवार को निर्दलीय प्रत्याशी मो सईद आलम ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।

मो सईद आलम ने निर्वाची पदाधिकारी गांडेय सह डीएसओ गुलाम समदानी के कार्यालय कक्ष पहुंच उन्हें नाम निर्देशन प्रपत्र सौंपा।

बता दें बीते 26 अप्रैल को गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिये नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी हुई। अधिसूचना जारी होने के बाद अब तक इस विस क्षेत्र के उपचुनाव के लिये कुल दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जबकि इस विस क्षेत्र के उपचुनाव हेतु कुल चार नामांकन प्रपत्र की बिक्री हुई है।

गांडेय उपचुनाव के नाम निर्देशन की अंतिम तिथि- 03 मई एवं नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06 मई निर्धारित है। जबकि गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि कोडरमा लोक सभा के मतदान के साथ 20 मई को प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। जबकि मतगणना आगामी 04 जून को होना है।

### वन विभाग की टीम ने मारा छापा, हजारों रुपये मूल्य की लकड़ी किया जब्त



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

जिले के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के फुलची पंचायत के फुलची गांव में खुरचुट्टा वन प्रक्षेत्र के रेंजर सुरेश प्रसाद रंजक के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए, अवैध रुप से संचालित एक आरा मिल को ध्वस्त कर दिया है।

वन विभाग की टीम ने अवैध आरा मिल से कटहल, लिप्टस, सेमल सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी को जब्त किया है. जब्त लकड़ी की। जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई जा रही है। वन विभाग की टीम को पहुंचने पर आरा मिल संचालक मौके से फरार हो गया। टीम के द्धारा जब्त लकड़ी और आरा मशीन को रेंजर कार्यालय ले आया गया है। इस विषय में पदाधिकारियों ने कहा कि आरा मिल संचालक की पहचान करके कार्रवाई करने की प्रक्रिया चल रही है. छापेमारी टीम में दाऊद आलम, रंजन शर्मा, पप्पू कु० शर्मा, संदीपमिश्र आदि उपस्थित थे।

# पचम्बा उच्च विद्यालय में फ्यूचर वोटर्स के साथ चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**सभी फ्यूचर वोटर्स को दी गई वोट के महत्व की जानकारी**



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के पचम्बा उच्च विद्यालय में फ्यूचर वोटर्स के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी फ्यूचर वोटर्स को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चियों को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा में मतदान तिथि 25.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया।

मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें शपथ दिलाई गई एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करने को कहा गया। इस दौरान उपरोक्त के आलावा प्रभारी पदाधिकारी/सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग समेत अन्य स्वीप कोषांग के कर्मी उपस्थित थे।

### बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय 2024 इंटरमीडिएट का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव




बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का 2024 इंटरमीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से इंटरमीडिएट में कुल 49 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 47 छात्राएं प्रथम श्रेणी एवं दो छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी पिता राकेश कुमार 423 अंक 84.6 प्रतिशत लाकर टॉपर रही। जबकि द्वितीय टॉपर नेहा कुमारी पिता शेखर प्रसाद 412 अंक 83.4 प्रतिशत, तृतीय टॉपर टिंकल कुमारी पिता पंचेश्वर साव 401 अंक 80.2 प्रतिशत लाई है। वहीं किरण कुमारी पिता नरसिंह महतो 499 अंक 79.8 प्रतिशत, काजल कुमारी पिता राजू साव 397 अंक 79.4 प्रतिशत, प्रीति कुमारी पिता चरण महतो 395 अंक 79 प्रतिशत, किरण कुमारी पिता लालमोहन तिवारी 394 अंक 78.8 प्रतिशत, चंचल कुमारी पिता स्वर्गीय नकुल महतो 390 अंक 78 प्रतिशत, प्रिया कुमारी पिता जगन्नाथ बेदिया 387 और 77.4 प्रतिशत एवं पुष्पांजलि कुमारी पिता बजरंग साहू 383 अंक 76.6 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉप 10 में जगह बनाई है। बेहतर रिजल्ट एवं उज्जवल भविष्य के लिए सभी सफल छात्राओं को बीआरपी अभय कुमार, सीआरपी दीपक कुमार, विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होरील महतो, वार्डेन लीलावती कुमारी, लेखापाल सोनी महतो, शिक्षिका निशि रानी, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, रुबी कुमारी, शिक्षक सीताराम महतो, चिंतामणि महतो सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के वार्डेन लीलावती कुमारी ने दी है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया प्रेस प्रतिनिधियों संग बैठक

**नाम निर्देशन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु पर किया विचार विमर्श**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन के तहत कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा गांडेय विधानसभा उप चुनाव का नाम निर्देशन बीते 26 अप्रैल से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में नाम निर्देशन के संबंध में सभी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ आवश्यक जानकारी साझा करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रेस प्रतिनिधियों से कहा कि सभी के सहयोग और समन्वय से निर्वाचन संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिसमें आप सभी की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में मीडिया की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण होती है और जिला प्रशासन को अपलोगो का सहयोग मिलता आया है।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नाम निर्देशन को लेकर की गई तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था से सम्बंधित सभी जानकारी से प्रेस के बंधुओं को अवगत कराया।

इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी, 31 गांडेय विधानसभा गुलाम समदानी, उप नगर आयुक्त विशालदीप खलको, उप निर्वाचन पदाधिकारी रँथु महतो, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती समेत जिला के अन्य अधिकारी,कर्मी उपस्थित थे।

### 19 अवैध पशु लदे एक मिनी ट्रक जब्त, चार पशु तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



तस्करी के लिये एक मिनी ट्रक में लोड कर जीटी रोड बगोदर के रास्ते धनबाद होते हुए पश्चिम बंगाल ले जाये जा रहे अवैध पशुओं को गिरिडीह पुलिस ने पशु तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। वहीं इस मामले में पुलिस ने चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। तस्करों के चंगुल से मुक्त कराए गये पशुओं में 12 गाय एवं 07 गाय का बच्चा कुल 19 पशु शामिल है।

बताया गया कि एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि एक वाहन में पशुओं को लाद कर जीटी रोड बगोदर के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में एसडीपीओ बगोदर सरिया के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई।

गठित टीम ने मंगलवार की शाम बगोदर थाना अंतर्गत जीटी रोड औरा के समीप एक मिनी ट्रक (डीसीएम) वाहन का पीछा कर उसे धर दबोचा। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन से 12 गाय एवं 07 गाय का बच्चा कुल 19 पशु को बरामद किया।

टीम ने जहां उक्त मिनी ट्रक को जब्त कर सभी पशुओं को मुक्त कराया। वहीं इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार में न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गिरिडीह संकुल की हुई बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा





राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को गिरिडीह संकुल का एकदिवसीय बैठक संपन्न हुआ। बैठक का उद्घाटन विभाग प्रमुख ओमप्रकाश सिन्हा, प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं रामरतन महर्षि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में बरगंडा संकुल के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य- दीदी शामिल हुए।

मौके पर ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि संकुल संरचना विद्यालयों के विकास के लिए अहम कड़ी है।बैठक में बच्चों के शैक्षणिक विकास, सामाजिक विकास,सांस्कृतिक विकास आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया और संकुल के विषय प्रमुख तय किए गए।

रामरतन महर्षि ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में अपने-अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में आचार्य दीदी एक सर्वोत्तम माध्यम है। हम उत्सवधर्मी लोग हैं। इन्हीं उत्सवों की कड़ी में आगामी लोकसभा चुनाव भी एक उत्सव के रूप में हमारे सामने है। हम छोटी-छोटी बैठक कर लोगों को मतदान करने के महत्व को बता सकते हैं। अपने कर्म को ईमानदारी से करना ही असली धर्म है। वर्तमान समय में हमारे लिए भी एक ऐसा कर्म है जिसमें हमें फिर से राष्ट्रवादी विचारधारा वाले दल का समर्थन करना है और यह तभी संभव है जब हम स्वयं मतदान कर औरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

बैठक में प्रधानाचार्य जीतन पंडित, विनोद पांडेय, प्रमोद कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेंद्र लाल बरनवाल एवं विभिन्न विद्यालय के आचार्य-दीदी उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी पुराने कांग्रेसियों में ऊर्जा भरने का होना चाहिए प्रयासः कामेश्वर तिवारी



**पलामू।** पलामू जिले के वरिष्ठ कांग्रेसियों में इस बार के लोकसभा चुनाव को लेकर के उत्साह देखने को मिल रहा है तो वही कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपेक्षा का दंश झेलने को विवश हैं। बताते चलें कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस की पकड़ अच्छी मनी जाती थी। लेकिन बाद के दिनों में इसमें धीरे-धीरे कमी होनी चली गई। इसके मूल कारणों की समीक्षा झारखंड प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व अब तक नहीं कर सका। इसका भी कारण रहा की पलामू लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी का एक लंबे समय से चुनाव नहीं लड़ना है। गठबंधन धर्म का पालन करने को बाध्य हैं पलामू के कांग्रेसी। बावजूद लोकसभा चुनाव में लोकसभा का प्रतिशत विधानसभा का चुनाव का भी भविष्य करता है। पलामू जिले के वरिष्ठ कांग्रेस से कामेश्वर तिवारी अधिवक्ता के साथ बातचीत के क्रम में उनका कहना है कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में कई कांग्रेसी आज भी मौजूद हैं। ग्रामीणों इलाके में बुजुर्ग की संख्या ज्यादा है। वह पहले कभी कांग्रेसी होते थे लेकिन आज अपने को वे कहीं ना कहीं उपेक्षा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक अभियान चलाकर वैसे सभी वरिष्ठ कोंग्रेसियों जिनमें कभी वे नेता और कार्यकर्ता रहे चुके हैं उनकी पहचान कर उनके साथ प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को सीधा संवाद स्थापित करना चाहिए। यदि उन सभी के साथ निरंतर संवाद स्थापित की जाए पुरानी विश्वासों को जागृत किया जाए तो इसे पार्टी को लाभ होगा। आगामी विधानसभा में पार्टी को लाभ मिलेगा। पुराने कांग्रेसियों में एक नई ऊर्जा आए इसके लिए गंभीरता पूर्वक पहल करनी होगी। परिणाम बहुत अच्छा मिलेगा।

### राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकरू बच्चे हुए पुरस्कृत



**पलामू।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकरू में एक से सात कक्षा तक का रिजल्ट सभी विद्यार्थियों को सुनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के प्राचार्य छोटेलाल सिंह ने बताया कि मौके पर प्रथम और तृतीय द्वितीय स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। प्राचार्य ने बताया कि साथ ही साथ उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल में तीन छात्र-छात्र पास किए थे उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। बीएड कॉलेज से आई प्रशिक्षु छात्र और छात्राओं अच्छा प्रदर्शन रहा। कार्यकर्म के अंत में सभी को खीर खिलाकर तब बच्चों को स्कूल से छुट्टी दी गई। प्राचार्य ने बताया कि मिले निर्देश के अनुसार 30 अप्रैल से से कक्षा 1 से कक्षा 7 के बच्चों की छुट्टी घोषित की गई। अवकाश खत्म होने के बाद सभी शिक्षक अपने निर्धारित समय सारिणी के अनुसार स्कूल में पहुंचेंगे।

### साक्ष्य और पर्याप्त सबूत के अभाव में हत्याकांड के चार आरोपी हुए बाइज्जत बरी



**गिरिडीह।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश मनोज कुमार प्रसाद की अदालत ने मंगलवार को हत्या के चार साल पुराने एक मामले के चार आरोपियों को साक्ष्य और प्रयाप्त सबूत के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया।

मामला जिले के बिरनी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। जहां वर्ष 2020 में अवैध संबध को लेकर गांव की एक महिला की हत्या कर दी गई थी। महिला की हत्या के बाद मृतका के पति ने बिरनी थाना में भरकट्टा के प्रदीप पंडित, छोटन पंडित, लक्ष्मण पंडित और पिंटू पंडित इन चार आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी और चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद मामले में स्पीड ट्रायल के जरिए बहस हुआ।

सरकारी वकील और बचाव पक्ष के एडवोकेट के बहस के बाद जिला एवं सत्र न्यायधीश मनोज कुमार प्रसाद की अदालत ने मंगलवार को इन चारो आरोपियों बिरनी थाना क्षेत्र के भरकट्टा निवासी प्रदीप पंडित, छोटन पंडित, लक्ष्मण पंडित और पिंटू पंडित कोको पर्याप्त सबूतो के अभाव के आधार पर रिहा कर दिया।

### दहेज हत्या आरोपी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**पलामू।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के आरोपी पति तसलीम अंसारी को 10 बर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतिका के पति, ससुर, सास, गोतनी और भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 49 / 2021 दिनांक 17 / 6/2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी / 34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी । इसमें आरोप लगाया था की अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच बर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के एक बर्ष बाद से ही मेरी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच मे बराबर अपनी बेटी दामाद को पैसा देते रहती थी। दिनाक 16 जून 2021 को सुचिका अपने पुत्र मो अहजद से 50 हजार रुपया भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून को जान मार दिए तथा उसे लटकाकर फाँसी का स्वरूप दे दिए। जहां फाँसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी। वहां बास से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट था। जबकि मृतिका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुईं थी।अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति को 10 बर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई हैं। साथ ही मृतिका नाजिया खातून के नाबालिग पुत्र को पुनर्वास की ब्यवस्था करने व मृतिका की माँ शहीदा बीबी को भी मुआवजा देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू को दिया है। इस केस के एक मुदालय ससुर वली मोहम्मद मिया को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

### इंदिरा पसेरिया जंगल से पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जप्त



**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में इंदिरा पसेरिया जंगल से अवैध कोयला लदा एक ट्रैक्टर जप्त किया गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में संचालित खदान से कोयला उत्खनन कर अवैध कोयला ले जाया जा रहा है जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोयला लदा ट्रैक्टर को जप्त किया गया। पुलिस के वहां को देखते ही ट्रैक्टर चालक घने जंगल का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा। कार्रवाई मंगलवार की सुबह 5:00 की है।

# मतदान दिवस के दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का निदेश

**सभी पोलिंग बूथों पर AMF की समुचित व्यवस्था रखने का निदेश**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गढ़वा



समाहरणालय गढ़वा स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गठित सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं अबतक की गई कार्रवाईयों के निमित कार्यों तथा मतदान दिवस की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर उनके सेल अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। इनमें मुख्य रूप से पर्सोनेल सेल, कंप्यूटराइजेशन सेल, इलेक्टोरल सेल एवं EVM मैनेजमेंट सेल, ट्रेनिंग सेल, MCC, लॉ एंड ऑर्डर सेल, कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, स्वीप सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, EDC सेल, मीडिया एवं पब्लिसिटी सेल, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम एवं हॉटलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रॉन्ग रूम सेल, एसएमएस मॉनिटरिंग एवं कम्यूनिकेशन प्लान सेल, जिला डॉक्यूमेंटेशन सेल, नॉमिनेशन एवं रिसीविंग सेल, एमसीएमसी सेल, वेलफेयर सेल एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन सेल की बारी-बारी कर बिंदुवार समीक्षा की गई। निर्वाचन कार्यों में अतिरिक्त कर्मियों की आवश्यकता को लेकर भी सभी संबंधित नोडल पदाधिकारियों से पूछी गई। 1950 के माध्यम से आने वाली शिकायतों एवं कंट्रोल रूम के डायल 112 पर आने वाली शिकायतों के बारे में पूछी गई तथा इसके विरुद्ध किये गए कार्रवाई से अवगत होने का कार्य किया गया। CHC/PHC में चिकित्सकों की अद्यतन स्थिति के बारे में पुछी गई एवं आवश्यक निदेश दिए गयें। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन गढ़वा डॉक्टर अशोक कुमार को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों पर आवश्यक रूप से प्राथमिक उपचार एवं ओआरएस, ग्लूकोज आदि की व्यवस्था, गैस, पेट दर्द, उल्टी, दस्त आदि की रोकथाम की दवा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही CHC/PHC में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को अपने कर्तव्य पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी और कर्मियों को अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीप नोडल पदाधिकारी को स्वीप एक्टिविटी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु निदेशित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर बैनर-पोस्टर आदि के माध्यम से भी अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जिले के सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा MCC घोषणा के बाद से अब तक की गई कार्रवाईयों की भी जानकारी ली गई जिला नियंत्रण कक्ष में गठित सेल के कार्यों की जानकारी ली गई। वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, इंटर स्टेट बॉर्डर निगरानी कार्य की समीक्षा की गई, अबतक के सीजर रिपोर्ट की जानकारी ली गई एवं जिला अंतर्गत 80% से ऊपर मतदान कराने पर जोर दिया गया। चुनाव कार्यों हेतु स्थानीय राजकीयकृत गोविंद प्लस टू हाई स्कूल गढ़वा में बनाए गए फैसिलिटेशन सेंटर एवं एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बनाए गए डिस्पैच सेंटर में समुचित साफ-सफाई करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा को निर्देशित किया गया। सभी मतदान केदो पर मतदान कर्मियों समेत मतदाताओं की सुविधा हेतु पेयजल की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ शौचालय एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निदेश दिए गयें। दिव्यांग, बुजुर्ग व अन्य मतदाताओं की सहायता हेतु सभी मतदान केन्द्रों पर वॉलिंटियर्स की नियुक्ति कर उन्हें आइडेंटीटी कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल गढ़वा को पोलिंग डे के दिन निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, रुद्र प्रताप, सिविल सर्जन डॉo अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, गोपनीय प्रभारी-सह-भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी-सह-स्वीप नोडल प्रमेश कुशवाहा, जिला योजना पदाधिकारी-सह-जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी समेत विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थें।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार



उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य विभाग की गतिविधियों हेतु Scale of Finance के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय तकनीकी समिति DLTC (District Level Technical Committee की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह के द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, लातेहार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ, लातेहार द्वारा तैयार किये गये Scale of Finance से समिति के सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि Scale of Finance के निर्धारण का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य कार्य हेतु ऋण उपलब्ध कराने में ऋण की अधिसीमा निर्धारित करना है। बैठक में यह बताया गया कि कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियाँ हेतु Scale of Finance को विगत वर्ष के आधार पर तथा वर्तमान स्थिति को लागत को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। विचार-विमर्श उपरान्त सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन, गव्य एवं मत्स्य गतिविधियों हेतु निम्नवत Scale of Finance निर्धारित किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषि, पशुपालन, गव्य तथा मत्स्य की गतिविधियों हेतु निर्धारित Scale of Finance के अनुरूप सभी बैंकर्स जिले के किसानों को वित्त पोषण एवं किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक किसानों को कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में लाभान्वित किया जा सके। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित मेदिनीनगर के दौरे को लेकर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की।समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीसी ने प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न पदाधिकारी को अलग-अलग टास्क सौंपें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे पर आने वाले लोगों को कैसे नियंत्रित करना है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से कहां-कहां बैरेकेडिंग होने है इसका आकलन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को स्टेज के साइज का आकलन करने व प्रोटोकॉल व नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर निर्देशित किया।इसी तरह स्थल के चारों ओर व विभिन्न स्थानों पर मजिस्ट्रेट का डेप्लॉयमेंट करने को लेकर सदर एसडीओ को जिम्मेदारी दी गयी।इसी क्रम में प्रॉक्सिमिटी पास,वर्क फोर्स पास व प्रतिनियुक्ति मजिस्ट्रेट व पुलिस पास को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को निर्देशित किया गया।सिविल सर्जन को दो हॉस्पिटल को स्टैंड बाई मोड पर रखने व एडवांस्ड लाइफ़ सपोर्ट युक्त एंबुलेंस भी रखने पर बल दिया गया।इसी तरह उन्होंने फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर,फायर ऑफिसर को भी उनके क्षेत्र से संबंधित कई टास्क सौंपे गये।वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अलर्ट पर रहने को लेकर निर्देशित किया गया।मौके पर उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर लोकसभा सीट से विद्युत वरण महतो ने किया नामांकन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। जमशेदपुर

जमशेदपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न मंडलों से बाइक-कार रैली के साथ साकची स्थित बोधि मंदिर पहुंचे और वहां से पैदल जुलूस की शक्ल में समाहरणालय परिसर तक प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के साथ आए। नामांकन की प्रक्रिया के बाद बोधि मंदिर मैदान में रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक बार फिर सशक्त भारत के निर्माण में जमशेदपुर सहित राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर दिल्ली भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले यूपीए गठबंधन की सरकार थी। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहे। इस समय दो खबरें अक्सर पढ़ने को मिलती थीं। एक तो यह कि देश की अर्थव्यवस्था की हालत खस्ता थी। घपले-घोटाले रोज सुनने को मिलते थे। यहां की इकोनॉमी कभी भी बिखरने की आशंका थी। दूसरा कि देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। अक्सर आतंकी हमले, बम धमाके होते थे। शेखावत ने कहा कि देश की इकोनॉमी के प्रमुख केंद्र मुंबई, पुणे, चेन्नई जैसे शहरों और मंदिरों (अक्षरधाम वगैरह) पर आतंकी हमले होते थे। तत्कालीन सरकार बस सांत्वना देती थी या कड़ी निंदा करती थी। यूएन जाकर मदद की अपील करती थी। वर्ष 2014 में प्रचंड बहुमत से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी। अब देश की अर्थव्यवस्था की गति तेज हुई। सीमाएं सुरक्षित हुईं। मोदी सरकार में केवल दो आतंकी हमले (उरी, पुलवामा) हुए और आतंकी ठिकानों को नष्ट कर बदला लिया गया। शेखावत ने भरोसा जताया कि विद्युतवरण महतो चार लाख से अधिक मतों से विजयी होंगे। भाजपा देश में 400 से अधिक सीट लाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज जहां है, उससे सभी भारतीय गदगद हैं। हमने सिर्फ राम मंदिर नहीं बनाया, राम राज की कल्पना को भी साकार करने में लगे हैं। मिलकर विकसित, समृद्ध, मजबूत भारत बनाने में लगे हैं। हर भारतीय मजबूती से ना सिर्फ आगे बढ़े, बल्कि यह देश विश्व का भी नेतृत्व करे। ऐसे कई काम मोदीजी के नेतृत्व में हुए भी हैं। बीते 10 वर्षों में जिन उद्देश्यों, लक्ष्यों को लेकर आगे बढ़े, उनमें कई काम पूरे भी हुए हैं। पहले विपक्ष सिर्फ सरकार बनाने का काम करता था, देश बनाने का नहीं। भाजपा सिर्फ सांसद बनाने को नहीं, देश को सशक्त बनाने को जनसहयोग लेती है। जनजातीय कल्याण मंत्रालय और कृषि मंत्रालय के जरिए देश में जनजातीय समाज और किसानों की समृद्धि के लिए प्रयास हो रहे हैं।

## दहेज हत्या के दोषी पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने दहेज हत्या के दोषी पति तसलीम अंसारी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सतबरवा थाना के झाबर गांव निवासी शहीदा बीबी ने मृतका के पति, ससुर, सास, गोतनी व भसुर के विरुद्ध लेस्लीगंज थाना में कांड संख्या 49/2021 दिनांक 17/6/2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी/34 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाई थी कि उसने अपनी पुत्री नाजिया खातून की शादी पांच वर्ष पूर्व तस्लीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी के एक वर्ष बाद से ही उसकी लड़की के साथ दहेज हेतु प्रताड़ित किया जाता था। वह बीच बीच में बराबर अपने बेटी दामाद को पैसे देते रहती थी। 16 जून 2021 को अपने पुत्र मो. अहजद से 50 हजार रुपया भेजी थी। 17 जून 2021 को नाजिया खातून की हत्या कर दी गई और उसके शव को लटकाकर फांसी का स्वरूप दे दिया और फांसी लगाकर मरने की बात बताई गई थी। वहां बांस से चारपाई के बीच की उच्चाई चार फीट थी, जबकि मृतका नाजिया खातून की लंबाई छह फीट थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नाजिया खातून की मृत्यु दम घुटने से हुई थी। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए पति को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका नाजिया खातून के नाबालिग पुत्र को पुनर्वास की व्यवस्था करने व मृतका की माँ शहीदा बीवी को भी मुआवजा देने का निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू को दिया है।

## कल्पना सोरेन ने की बेंगाबाद में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोमवार को नामांकन दाखिल करने के बाद शाम को बेंगाबाद में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन की। इसके पूर्व झामुमो की महिला कार्यकर्ताओं ने कल्पना सोरेन का बेंगाबाद प्रखण्ड में परंपरागत तरीके से स्वागत किया।

मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन की स्थिति मजबूत है। 21 अप्रैल को रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में गठबंधन की लहर स्पष्ट दिखी। लोकसभा चुनाव में झारखंड सहित पूरे देश में इंडिया गठबंधन अच्छे परिणाम देगा। अब केंद्र में सत्ता पलटने वाली है। उन्होंने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के बाबत कहा कि जनता का भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गांडेय विस क्षेत्र झामुमो की परंपरागत सीट रही है। यहां झामुमो काफी मजबूत स्थिति में है। सभी वर्ग के लोगों की एक जुटता से इस बार पुनः यह सीट झामुमो की झोली में आएगी।

मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू, मो. फखरुद्दीन, मंजू मरांडी, विजय सिंह, एनामुल हक, शाहनवाज अंसारी, किशुन मरांडी, नीलकंठ मंडल, जाकिर हसन सहित गठबंधन के दलों के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रावतपारा अधिसूचित वन क्षेत्र से 17 ट्रैक्टर डम्प, 35 टन कोयला बरामद

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव




प्रखंड के अधिसूचित वन क्षेत्र में अवैध कोयला खदान संचालित एवं खनन कार्य को लेकर एसीएफ ए के परमार एवं बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जिसमें रावतपारा जंगल में संचालित अवैध कोयला खदान से खनन कर डंप कुल 35 टन यानी 17 ट्रैक्टर अवैध कोयला बरामद किया गया। कार्रवाई के लिए बरामद किए गए कोयला बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय ले लाया गया। वन विभाग के द्वारा मामला दर्ज करने को लेकर अवैध रूप से खदान चला रहे संचालक एवं उसमें सम्मिलित लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। बताते चलें कि इसके 15 दिन पूर्व इंदिरा कोयला खदान से खनन कर लूंरुगा जंगल में डंप किया गया 22 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा अवैध कोयला बरामद किया गया था। 15 दिनों के अंदर अब तक कुल 39 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा अवैध कोयला बरामद किया गया। मामले को लेकर एसीएफ एक के परमार ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार को लेकर विभाग के द्वारा सघन छापेमारी जारी रहेगा लोग अवैध कारोबार नहीं करें निरंतर छापेमारी जारी रहेगा। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध कोयले का कारोबार करने वाले बख्से नहीं जाएंगे , उन पर पर केस किया जाएगा। छापामारी में वन विभाग के तमाम कर्मी एवं थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वारदात का खुलासा, बुज़ुर्ग के कुर्ता पर गोबर फेंक एक लाख रुपए उड़ाने वाला गिरफ्तार

**पटना।** गया लाइन गुमटी के पास बुजुर्ग रामप्रसाद सिंह के एक लाख रुपए उड़ाने के मामले में पुलिस ने बदमाश राहुल तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। वह बेगूसराय के फुलवरिया के तिवारी गिरोह से जुड़ा है। इसके पास से 3 हजार कैश, मोबाइल, दो सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। परसा बाजार के रहने वाले रामप्रसाद के साथ घटना रविवार को हुई थी। अपराधियों ने उनपर गोबर फेंककर वारदात को अंजाम दिया था। इसमें पांच-छह अपराधी शामिल थे। पुलिस की एक टीम फुलवरिया रवाना हो चुकी है। सोमवार को एएसपी सदर स्वीटी सेहरावत ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रामप्रसाद सिंह की पोती की शादी अगले महीने होने वाली है। इसके लिए एसबीआई की बिस्कोमान शाखा से रकम निकालकर घर जा रहे थे। गैंग के बदमाश बैंक से ही उनका पीछा कर रहे थे। गया लाइन गुमटी के पास उनके कुर्ता पर गोबर फेंक दिया। इसके बाद दो बाइक सवार पर छह लड़के पहुंचे और कहा-चाचा आपके कुर्ता में गोबर लगा है। यह सुनकर वे कुर्ता साफ करने लगे। इसी दौरान दो और बदमाश पहुंचे और गोबर साफ करने के बहाने उनके कुर्ता की जेब से एक लाख रुपए निकाल लिये। रविवार की देर रात जक्कनपुर थाने में केस दर्ज किया। एएसपी ने बताया कि राहुल की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की गई। एएसपी के अनुसार, तिवारी गैंग पटना समेत राज्य के कई थाना इलाकों में इसी तरह की वारदात कर चुका है। इस गिरोह के बदमाश बैंक या एटीएम के पास खड़े रहते हैं। पीछा कर पैसा झपट लेते हैं, जेब काटते हैं या कपड़े में गंदी चीज लगाकर रकम उड़ा लेते हैं।

### 16 बीघा में आग लगने से गेहूं जलकर बर्बाद, किसानों ने मुआवजे के लिए सरकार से की मांग

**पटना।** पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र के सोना गांव में सोमवार की देर रात गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया। करीब 16 बीघा में लगा गेहूं का अनाज जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही नौबतपुर थाना और पिपलावा थाने की पुलिस फायरब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच आधा दर्जन किसानों के अनाज जलकर नष्ट हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली थी। वही गांव के मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन कुमार ने बताया कि आग लगने से प्रभावित हुए किसानों के आवेदन के साथ मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी पास किसानों द्वारा आवेदन दिया जाएगा। नौबतपुर थाना क्षेत्र के सोना गांव के गेहूं की खेत में अचानक सोमवार की देर रात आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही किसानों ने अपने-अपने फसल को बचाने के लिए बोर्डिंग चालू कर पानी का छिड़काव शुरू कर दिया। इस बीच लोगों ने इसकी सूचना अग्नि दस्ते को दी। सूचना मिलने के बाद फायरब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस बीच सोना गांव और बखुरदार चक गांव के योगिंदर शर्मा, रवि रंजन, राजेश कुमार, कुंदन कुमार, प्रमोद कुमार, सोनू कुमार एवं राजा कुमार के लगभग 16 बीघा खेत में लगा अनाज पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। इस मामले को लेकर किसान रवि रंजन ने बताया कि इस आगलगी से किसानों का लगभग 5 लाख नुकसान हुआ है।



### पटना के आशियाना चेंबर में एमसीबी में लगी आग, समय रहते पाया काबू, कोई नुकसान नहीं

**पटना।** पटना में आशियाना चेंबर के तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से एमसीबी बोर्ड में आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी मिलते ही डिस्ट्रिक फायर ऑफिसर मनोज कुमार नट, अजीत कुमार, अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई है। हालांकि अग्निशमन की गाड़ी ट्रैफिक जाम के चलते समय पर नहीं पहुंच सकी। लोदीपुर स्थित अग्निशमन विभाग के दफ्तर से गाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र होते हुए डाकबंगला चौराहे की ओर आगे बढ़ी तो जाम में फंस गई। लगभग 15 से 20 मिनट तक गाड़ी फंसी रही। बाद में स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी। डिस्ट्रिक फायर ऑफिस मनोज कुमार नट और अनुमंडल पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि कोई नुकसान नहीं हुआ है। समय रहते आग पर काबू नहीं पा लिया गया था। एमसीबी में आग लगी थी।



### पटना से आनंद विहार के लिए हर मंगलवार स्पेशल ट्रेन, आज से 25 जून तक रात 8 बजे खुलेगी

**पटना।** नियमित ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे पुणे, उधना, बीकानेर, आनंद विहार सहित अन्य शहरों के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। 09122 दानापुर-उधना एसी स्पेशल 30 अप्रैल को दानापुर से दोपहर 1:35 बजे खुलेगी और 2 मई को रात 3 बजे उधना पहुंचेगी। 04721 बीकानेर-दानापुर समर स्पेशल बीकानेर से 2 मई से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को सुबह 10:45 बजे खुलेगी और शुक्रवार को दोपहर 1:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। 04722 दानापुर-बीकानेर समर स्पेशल दानापुर से 3 मई से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को शाम 4:20 बजे खुलेगी और शनिवार को रात 11:40 बजे बीकानेर पहुंचेगी। 04077 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल पटना से 30 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को रात 8 बजे खुलेगी और अगले दिन दोपहर 2 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। 09074 पटना-उज्जैन स्पेशल ट्रेन 1 मई को पटना से शाम 5 बजे खुलेगी और डीडीयू, प्रयागराज, कानपुर, बीना के रास्ते 2 मई को शाम 7 बजे उज्जैन पहुंचेगी। 08793 गोंदिया-पटना समर स्पेशल 10, 17 और 24 मई को गोंदिया से सुबह 11:20 बजे खुलेगी व अगले दिन सुबह 9:30 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी। 08794 पटना-गोंदिया समर स्पेशल 11, 18 और 25 मई को पटना से दोपहर 12:30 बजे खुलेगी और अगले दिन शाम 4 बजे गोंदिया पहुंचेगी। 09068 भागलपुर-दाहोद स्पेशल 1 मई को भागलपुर से शाम 5 बजे खुलकर रात 9:36 बजे पटना जंक्शन पर रुकते हुए 3 मई को रात 2:30 बजे दाहोद पहुंचेगी।

### फ्लावर मिल के कर्मियों को रास्ते में रोका, बैट से पीटा, 8 लाख रुपए लूटे

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी-पितवांस मार्ग स्थित चरमा पुल के पास सोमवार की शाम तगादा की वसूली कर बिहटा लौट रहे एक फ्लावर मिल के बाइक सवार दो कर्मियों से बाइक सवार आठ बदमाशों ने आठ लाख रुपए लूट लिये और पितवांस की ओर भाग निकले। जानकारी के मुताबिक, बिहटा थाना के लई में गणिनाथ नाम से एक फ्लावर मिल है। बताया जाता है कि मनेर के हिमांशु कुमार और दानापुर के शैलेश कुमार उक्त मिल के कर्मी हैं। वे हर सोमवार को मसौढ़ी बाजार में मिल के तगादा की वसूली करने आते हैं। मसौढ़ी के व्यापारियों से तगादा वसूली कर दोनों एक बुलेट बाइक से बिहटा लौट रहे थे। इसी दौरान थाना के चरमा पुल के पास चार बाइक पर सवार आठ बदमाशों ने क्रिकेट के बैट से उनकी पिटाई कर उनसे आठ लाख रुपए भरा बैग लूट लिया और पितवांस की ओर भाग निकले। इधर घटना के बाद दोनों कर्मियों ने इसकी सूचना मसौढ़ी के कुछ व्यापारियों और थाना की पुलिस को दी। इधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीपीओ और थानाध्यक्ष मामले की जांच की। हालांकि पुलिस प्रथमदृष्टया मामले को संदिग्ध बता रही थी। पुलिस ने कहा-मामला संदिग्ध एसडीपीओ नभ वैभव और थानाध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला गया है और सीडीआर को जांच के लिए लाया गया है।

# सरकारी और निजी स्कूलों में ऑफलाइन क्लास प्रतिबंधित

## पटना डीएम ने भीषण गर्मी-लू के चलते जारी किया आदेश

**एजेंसी, पटना।**

पटना जिले में भीषण गर्मी और लू के चलते डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक सभी निजी, सरकारी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों में 10वीं कक्षा तक पठन पाठन को सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसी तरह से 11वीं और 12वीं कक्षाओं के लिए सुबह 11:30 से शाम 4 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। यानी इस दौरान ऑफ लाइन मोड में स्कूलों के अंदर काम नहीं होगा।

**ऑनलाइन पर दिया गया जोरः** हालांकि डीएम की ओर से स्कूलों को ऑनलाइन मोड में संचालित होने वाली शैक्षणिक गतिविधियों को प्रतिबंधित नहीं किया गया है। सरकारी, गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान इस दौरान ऑनलाइन मोड में छात्रों को पढ़ा सकते हैं। इसके लिए डीएम की ओर से सलाह भी दी गई है। ये आदेश 1 से 8 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।



> ♦ ऑनलाइन कक्षाएं होंगी आयोजित

**सरकारी स्कूलों में नहीं है सुविधाः** बता दें, निजी स्कूलों में ऑनलाइन मोड की सुविधा है, लेकिन सरकारी स्कूलों में नहीं है। सरकारी स्कूलों में ना आधुनिक सुविधाओं से कक्षाएं लैस हैं और ना बच्चे इसके लिए ट्रेंड हैं। ऐसे में सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षा करना मुश्किल होगा।

# पाल होटल अग्निकांड में 8वें पीड़ित की मौत

**एजेंसी, पटना।**

पटना के पाल होटल अग्निकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर 8 हो गई है। इलाज के दौरान PMCH में सोमवार देर रात एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सासाराम के रितेश कुमार(23 वर्ष) के तौर पर हुई। पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। मामले की पुष्टि कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने की है। जानकारी के मुताबिक घटना वाले दिन रितेश वाराणसी से पटना आइस फैक्ट्री में काम के सिलसिले में आए थे। पाल होटल में सुबह के वक्त खाना खाने गए थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारीः** दूसरी तरह होटल पाल और अमृत के मालिक के खिलाफ पुलिस की दबिश जारी है। गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की रही है। दोनों होटल के संचालक फिलहाल फरार हैं। घर पर बिरानी छाई हुई है।



**दो लोगों को किया गया डिस्चार्जः** वहीं, आरा निवासी आदित्य पटेल और सासाराम की रहने वाली पूनम देवी को आज सुबह पीएमसीएच से डिस्चार्ज कर दिया गया है। आग की चपेट में आने से ये दोनों भी झुलस गए थे।

**होटलों का निरीक्षण जारीः** पटना के हर छोटे बड़े होटलों में फायर सेफ्टी से संबंधित निरीक्षण जारी है। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी और जिला प्रशासन की टीम संयुक्त रूप से निरीक्षण कर रहे हैं। खामियां मिलने पर होटल संचालकों को नोटिस भी भेजा जा रहा है।

# पटना में 50 लाख का स्मैक बरामद

> अंतरराज्यीय गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, मणिपुर से लाकर करता था सप्लाई

**एजेंसी, पटना।**

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र में 50 लाख के स्मैक के साथ पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधी का नाम राहुल कुमार है। पूछताछ में गैंग में शामिल सदस्यों के बारे में पता चला है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

**घर में छुपाकर रखा था स्मैकः** सिटी एसपी सेंट्रल भरत सोनी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गुलजारबाग के राहुल कुमार के घर में भारी मात्रा में स्मैक छुपाकर रखा गया है। जिसके बाद उसके घर में पुलिस ने छापा मारा। फर्स्ट फ्लोर से 9 पैकेट(815.82 ग्राम) बरामद हुआ है। साथ ही 86,800 रुपए कैश मिला है। मौके से तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया।



**तस्कर के फोन में कई लोगों का नंबर मिलाः** उन्होंने आगे कहा कि पूछताछ में कई बातें सामने आई है। राहुल ट्रेन के जरिए स्मैक मणिपुर से लेकर आता था। अपने ही घर में छुपाकर रखता था। यहीं से अलग-अलग सप्लायर को बेचता था। गैंग में शामिल अन्य सदस्य अलग-अलग जगह से एक्टिव है। तस्कर के फोन से कई लोगों का नंबर मिला है।

## दानापुर में एनडीए के कार्यकर्ताओं की बैठक

# रामकृपाल यादव बोले- अब वो राजद नहीं रही, 35 साल वहां काम किया हूं

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में एनडीए के कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक की गई। इस बैठक में एनडीए के घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पाटलिपुत्र से भाजपा उम्मीदवार राम कृपाल यादव ने कहा कि देश में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में नीतीश कुमार सफल नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए जब नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बने थे। तब बिहार का क्या हाल था। दूसरे चरण के चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में जनता ने भारी वोट देकर आशीर्वाद दिया है। इसको लेकर राजद में बेचैनी बढ़ गई है। राजद की जमीन खिसक गई है। वहीं, चुनावी मौसम के बीच पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री का जांता चलाने वाले वीडियो को लेकर कटाक्ष करते हुए कहा की जांता पिसने का विडियो दिखाकर बिहार की जनता को गुमहार करने की कोशिश की जा रही है। कौन अमीर है, कौन गरीब। ये हमलोगों से छुपा हुआ नहीं है। 35 साल हमने उन लोगों से साथ ही बिताया है। जनता सब जानती है उसे ठगने का कोई प्रयास नहीं कर सकता। जनता की आंखों पर पट्टी नहीं बंधा हुआ है। बिहार में जब भी प्रधानमंत्री आते है झूठ बोलते है तेजस्वी यादव के इस बयान को लेकर रामकृपाल ने कहा की हिन्दुस्तान की आजादी के बाद लम्बे अरसे तक ऐसा प्रधानमंत्री नहीं देखा है। नरेन्द्र मोदी कभी जनता को धोखा नहीं दिया है। देश की सम्पत्ति को लुटने वाले को जेल में डाला है। प्रधानमंत्री जो बोलते है वह करते है। जनता का आपार समर्थन है। देश ही नहीं दुनिया सम्मान के साथ देखती है। राष्ट्रीय जनता दल नाम बदल गया है। जिस राष्ट्रीय जनता दल का बुनियाद डालने वालो में से एक हम भी थे। वह अब है ही नही। इसका नाम बदलकर अब राष्ट्रीय परिवार दल हो गया है। दस-प्रद्रह साल पहले जो राष्ट्रीय जनता दल लोगो की चिंता करती थी। अब वह ख़त्म हो गया है। अब केवल अपनी और परिवार की चिंता करती है। बैठक में जेडीयू के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह, पूर्व विधायक आशा सिन्हा, रवि भूषण उर्फ बेला यादव, भाई सनोज यादव मौजूद रहे।




## अमित शाह पर मुकेश सहनी की आपत्तिजनक टिप्पणी

# बोले-10 साल से ताली बजा रहे थे क्या.. मंडल कमीशन क्यों नहीं लागू किया

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच नेताओं के बयानबाजी भी जारी है। पटना में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने देश के गृह मंत्री अमित शाह को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सोमवार को झंझारपुर में अमित शाह ने मंडल कमीशन रोक के रखने वाला बयान दिया, तो 10 साल से आप ताली बजा रहे थे क्या। क्यों नही मंडल कमीशन को लागू कर दिया। आपकी सरकार की रिपोर्ट थी। फिर क्यों उसे लागू नहीं किया गया। मुकेश सहनी के बयान पर घमासान मच गया है। बीजेपी और जदयू ने पलटवार करते हुए कहा कि मुकेश सहनी गंवार हैं। हार होता देख हताश है। इसलिए गलत बयानबाजी कर रहे हैं। पिछड़े वर्गों का समर्थन एनडीए के साथ है।



**10 साल से सिर्फ भाइयों-बहनों ही सुन रहे हैंः** मुकेश सहनी ने आगे कहा कि 10 साल से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। उनको यह बताना चाहिए कि उन्होंने क्या काम किया। 10 साल से सिर्फ भाइयों-बहनों ही सुनने को मिल रहा है। मुद्दे की बात नहीं कर रहे हैं। आज हमारे देश का युवा बेरोजगार है। फिर से पीएम बनने के लिए वो केवल झूठ बोल रहे हैं। केंद्र सरकार को लेकर मुकेश सहनी ने कहा कि ये लोग आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। वह नहीं चाहते हैं कि गरीब लोगों को आरक्षण मिले। जाति हमारी पहचान है। सभी लोग जाति को मानते हैं। इससे पहले भी मोहन भागवत ने यह बयान दिया था और कल अमित शाह ने झंझारपुर में या बयान दिया है।

**नफरत की राजनीति करते हैं गिरिराज सिंहः** गिरिराज सिंह के बयान पर मुकेश सहनी ने कहा कि वह पहली बार इस तरीके का बयान नहीं दे रहे हैं। उनके जैसे कई नेता भाजपा में है, जो इस तरीके का बयान देते रहते हैं। हमेशा वे लोग नफरत की राजनीति करते आए हैं। चुनाव के समय मुद्दे की बात न रखकर फालतू का बयान बाजी कर रहे हैं। बता दें कि गिरिराज सिंह ने बेगूसराय में कहा था कि आज जमींदार की भूमिका में सरकारी संरक्षण में वक्फ बोर्ड है, उनके ऊपर कोई बंदिश नहीं है। हमारे मंदिरों को स्वतंत्र करो, उन्हें मस्जिद और वक्फ बोर्ड की तरह स्वतंत्र करने की जरूरत है। यह मांग धार्मिक केंद्रों से सनातन को बचाने के लिए हो रहा है, मैं इसका समर्थन करता हूं, क्योंकि अब मंदिरों के ऊपर बंदिश नहीं रहे।

# कांग्रेस ने देश में 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाया

**एजेंसी, पटना।**

> ♦ रविशंकर प्रसाद बोले- कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग संविधान में विश्वास नहीं रखते हैं

लोकसभा चुनाव में जैसे जैसे चुनाव आगे बढ़ता जा रहा है। वैसे-वैसे मुद्दे और एजेंडे में भी तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन और आरजेडी पर हमला करते हुए सबसे पहले भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। परिवारवाद पर भी निशाना साधा। तेजस्वी यादव सहित कांग्रेस के तमाम बड़े नेता हर मंच पर यह कह रहे हैं कि भाजपा का शासन आएगा तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। विपक्ष के इस संविधान बदलने के आरोप पर बीजेपी हमलावर हो गई है। रविशंकर प्रसाद ने प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में संविधान को छुआ तक नहीं है। सबसे ज्यादा नुकसान अगर किसी ने पहुंचाया है तो वह कांग्रेस है। इस पार्टी ने अब तक देश में 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाया। सिर्फ यही नहीं कांग्रेस के नेता और प्रधानमंत्री रहे इंदिरा गांधी ने सिर्फ 50 बार से ज्यादा देश में राष्ट्रपति शासन लगाया। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बार-बार कांग्रेस , लालू यादव , तेजस्वी यादव एक ही राग अलापते हैं। वे कहते हैं कि बीजेपी संविधान बदल देगी। यह उनकी हताशा है। बोलने के लिए कुछ बचा नहीं है। दस वर्ष से मोदी पीएम हैं, क्या संविधान को छुआ। लालू यादव और कांग्रेस की साठ-गांठ है। इन्होंने 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाया। अकेले इंदिरा गांधी ने 50 बार राष्ट्रपति शासन लगाया। संविधान यदि असुरक्षित है तो कांग्रेस और उनके साथ खड़े लोगों के कारण।

# महिला वोटरों के लिए मंगवाए गए पोर्टेबल पिंक टॉयलेट

**एजेंसी, पटना।**

पटना में आगामी 1 जून को वोटिंग होनी है। भीषण गर्मी के बीच वोटर्स बूथ पर मतदान करने पहुचेंगे। ऐसे में नगर निगम ने महिला वोटरों की सुविधा के लिए दो पोर्टेबल पिंक टॉयलेट मंगवाया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि मतदान के दिन मॉडल बूथ पर यह पोर्टेबल पिंक टॉयलेट रहेगा, ताकि महिलाओं को कोई दिक्कत नहीं हो। इससे खासकर बुजुर्ग और बीमार महिलाओं को बहुत राहत मिलेगी। पिंक टॉयलेट की गाड़ी को निगम के पिंक थीम पर डिजाइन किया जाएगा। उस पर चकाचक पटना भी लिखा जाएगा। अगर दोनों गुलाबी शौचालय का फीडबैक सही रहा तो निगम अगले कुछ महीनों में सभी अंचलों में ऐसी व्यवस्था करेगा। इस शौचालय को केवल महिलाएं ही उपयोग में लाएंगी। इसका संचालन भी महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा।




**क्या होता है पिंक टॉयलेटः** पिंक टॉयलेट का इस्तेमाल केवल महिलाएं, लड़की और बच्चियां ही कर सकेंगी। इस गाड़ी को गुलाबी रंग से इसलिए रंगा जाता है, ताकि महिलाएं पहचान सके। इसमें महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन और वेंडिंग मशीन की व्यवस्था रहती है। इसके साथ ही हेल्पलाइन बोर्ड भी लगा होता है। शौचालय के बाहर बैठने की भी व्यवस्था होती है।

# बिहार में सीजन में पहली बार लू का रेड अलर्ट

## हीट वेव की चपेट में पटना समेत 14 जिले, शेखपुरा का तापमान 44 डिग्री पहुंचा

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में इस सीजन में पहली बार लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज 5 जिले पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, नवादा, खगड़िया और भागलपुर में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बाकी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 1 मई को भी पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, नवादा और शेखपुरा में लू का रेड अलर्ट है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एसके पटेल ने बताया कि अगले तीन दिनों में भीषण गर्मी पड़ेगी। भीषण लू चलेगी।

**सोमवार को पहली बार लू की चपेट में रहा पटनाः** इस सीजन में पहली बार सोमवार को पटना लू की चपेट में रहा। इसका अंदाजा इसी मौसम से लगाया जा सकता है कि सोमवार को पटना समेत 31 जिलों का अधिकतम पारा 40 से अधिक रहा। साथ ही पटना समेत 14 जिले लू की चपेट में रहे। मौसम विज्ञान केंद्र ने 30 अप्रैल से लेकर 3 मई तक लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है।



**अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया हैः** आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। इससे बचाव के लिए मेडिकल कॉलेजों से लेकर स्वास्थ्य केंद्रों तक को अलर्ट पर रखा गया है। राज्य के सभी सिविल सर्जन और चिकित्सा पदाधिकारी को राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र भेजकर व्यवस्था मजबूत करने को कहा है। इसमें अस्पतालों में दवा, डेडिकेटेड वार्ड, विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ पारा चिकित्सक कर्मियों की उपस्थिति और एंबुलेंस सुविधा से लेकर जांच संबंधी सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच साल में बढ़ी चार करोड़ की संपत्ति फिर भी कर्जदार स्मृति ईरानी, हलफनामे के खुलासे

**अमेठी , एजेंसी।** चुनावी मैदान में भाजपा से उतरीं स्मृति जूबिन ईरानी करोड़पति हैं। उनके पति जूबिन इरानी भी धनवान हैं। उन्होंने नामांकन पत्र में अपनी व पति की कुल संपत्ति का खुलासा किया है। स्मृति जूबिन ईरानी के पास कुल संपत्ति आठ करोड़ 75 लाख 24 हजार 296 रुपये दिखाई है। उनके पति की कुल संपत्ति आठ करोड 81 लाख 77 हजार 790 रुपये है।



स्मृति के पति उनसे मालदार हैं और उन पर कोई कर्ज भी नहीं है। पिछले पांच सालों में स्मृति व उनके पति की संपत्ति भी बढ़ी है। पांच सालों में उनकी संपत्ति चार करोड़ चार लाख 22 हजार 348 रुपये बढ़ी है। जबकि उनके पति की संपत्ति में चार करोड़ 14 लाख 19 हजार 976 रुपये का इजाफा हुआ है।

**कर्जदार भी है भाजपा प्रत्याशी–** भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी कर्जदार भी हैं। उन्होंने नामांकन के दौरान दाखिल किए अपने हलफनामा में इसका खुलासा किया है। उनके ऊपर एचडीएफसी बैंक का 16 लाख 55 हजार 830 रुपये ऋण है। जबकि 2019 में दाखिल हलफनामे में उनके ऊपर कोई भी कर्ज नहीं था। इस बार उन्हें खुद को कर्जदार दिखाया है।

### अब पूरब में शुरू होंगी कांग्रेस व सपा के समन्वय समिति की बैठकें, पश्चिमी यूपी में दिखा था असर

**लखनऊ , एजेंसी।** सपा और कांग्रेस नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने की कोशिश लगातार चल रही है। पश्चिमी यूपी के बाद अब पूरब में भी समन्वय समिति की बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है। कांग्रेस को 17 लोकसभा सीटें मिली हैं। चुनाव के दौरान सपा और कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के बीच समन्वय का अभाव दिखा। इसके कारण समन्वय समिति की बैठकें शुरू की गईं। इनमें कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, महासचिव संगठन अनिल यादव भी मौजूद रहे। जिलेवार चली इन बैठकों का पहले व दूसरे चरण के चुनाव में असर भी दिखा। जिन लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार होने की वजह से सपा नेताओं में उदासीनता थी, वे भी समन्वय समिति की बैठक के बाद सक्रिय हुए। ऐसे में अब पूरब में समन्वय समिति की बैठकें शुरू की जाएंगी। इसके तहत तीन मई को सुल्तानपुर, अमेठी, प्रतापगढ़, कौशांबी और प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में बैठक होगी। चार मई को फूलपुर, मिर्जापुर, भदोही, मछलीशहर और जौनपुर, पांच मई को गाजीपुर, चंदौली, राबर्ट्सगंज और वाराणसी में समन्वय समिति की बैठक में चुनाव की रणनीति बनाई जाएगी।

### पति बना हैवान: ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**जौनपुर , एजेंसी।** जौनपुर जिले के अगहुआ गांव में एक पति ने विवाद के बाद मट्ठा मथ रही पत्नी पर ईंट से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद खुद फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**यह है पूरा मामला–** मीरगंज थाना क्षेत्र के अगहुआ गांव निवासी राजेंद्र यादव अन्य भाइयों से अलग होकर एक कमरा बनाकर रहता था। उसके साथ उसकी पत्नी गीता (45) रहती थी। उसके दो बच्चों की मौत पहले ही बीमारी से हो चुकी है। सोमवार की सुबह पांच बजे गीता मट्ठा मथ रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर राजेंद्र का पत्नी से झगड़ा हो गया। अचानक उसने पास में रखी ईंट से पत्नी पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।

# सरप्राइज ने बढ़ाई अमेठी की उलझन... अब नजर दिल्ली पर

**अमेठी, एजेंसी।** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के सरप्राइज वाले बयान के बाद से अमेठी में सियासी हलचल बढ़ गई है। दिल्ली दरबार में हुई मंत्रणा को 72 घंटे बीत चुके हैं। इसके बाद भी अभी तक किसी के नाम का एलान नहीं हो सका है।

इस हालात ने अमेठी को मंथन पर मजबूर कर दिया है। इन सबके बीच दिल्ली से अमेठी की हरेक राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है। हालांकि तीन मई को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय का अमेठी दौरा है।

यूं तो अमेठी गांधी परिवार की परंपरागत सीट मानी जाती है, लेकिन 2019 में इस तिलिस्म को स्मृति इरानी ने तोड़ दिया।वर्ष 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट से अब तक सिर्फ तीन बार गैर कांग्रेसी सांसद चुने गए हैं।

बीते चुनाव में राहुल गांधी की हार के बाद अब इस चुनाव में दावेदारी को लेकर कांग्रेस का मौन कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहा है। दरअसल, अब जब नामांकन में महज चार दिन शेष बचे हैं, इसके बाद भी यह तय नहीं हो सका है कि कांग्रेस का प्रत्याशी कौन होगा। पार्टी कार्यकर्ता तैयारी तो कर रहे हैं, लेकिन अब पार्टी का मौन उनकी भी दुविधा बढ़ा रही है।

रविवार शाम एक वैवाहिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे कांग्रेस के एक नेता लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तभी गांव के एक बुजुर्ग ने कहा कि भैया अबकी बार आपकी पार्टी से के लड़त हय...। इस सवाल पर कांग्रेस नेता ने उनकी पीठ थपथपाते हुए कहा कि दादा आप...।

दरअसल, इस सवाल ने हरेक कांग्रेसी को परेशान कर दिया है। वैसे, अमेठी पर सीधे दिल्ली से नजर रखी जा रही है। वहां से एजेंसियों के फोन अमेठी के लोगों के पास आ रहे हैं। उनसे फीडबैक लिया जा रहा है। कहां, क्या माहौल है, कौन किसके साथ है, कौन नाराज है। किसके साथ जाने से क्या असर पड़ेगा... इन तमाम सवालों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।



### समन्वय समिति तैयार

अभी तक भले ही प्रत्याशी का एलान नहीं हुआ है, लेकिन कांग्रेस व सपा की समन्वय समिति तैयार हो गई है। इसमें पार्टी के बड़े नेताओं के साथ ही पुराने नेताओं को भी शामिल किया गया है। पूर्व एमएलसी दीपक सिंह कहते हैं कि समिति का गठन हो गया है। हमारी तैयारी चल रही है। सरप्राइज जल्द सामने आएगा।

तीन को आएंगे प्रदेश प्रभारी अमेठी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस मीडिया संयोजक अरविंद चतुर्वेदी कहते हैं कि चुनाव को लेकर पूरी तैयारी है। हर स्तर पर कार्यकर्ता तैयार हैं। जल्द ही प्रत्याशी का नाम सामने होगा। तीन मई को प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय अमेठी आ रहे हैं। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राहुल नहीं तो फिर कौन अमेठी में एक सवाल और सबकी जुबां पर है, आखिर राहुल नहीं तो फिर कौन? पहले चर्चा थी कि वायनाड चुनाव के बाद राहुल अमेठी आ सकते हैं। वहां चुनाव भी संपन्न हो गया, लेकिन कांग्रेस पार्टी में मौन बरकरार है।

इस बीच कुछ राजनीतिक जानकार यह भी कह रहे हैं कि खरगे की ओर से सरप्राइज का इशारा कुछ और ही इशारा कर रहा है। यह भी हो सकता है कि भाजपा से नाराज वरुण अमेठी से चुनाव लड़ें और राहुल के लिए रायबरेली का रण तैयार किया जाय, लेकिन इस चर्चा को कांग्रेस सिरे से खारिज कर रही है।

## भाजपा प्रत्याशी पानी की तरह बहा रहे पैसा, सपा प्रत्याशी उम्मीद से भी कम कर रहे खर्च





**आगरा , एजेंसी।** आगरा के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च का मीटर दौड़ रहा है। नामांकन से अब तक चुनाव में आगरा सीट से भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने सबसे ज्यादा और सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी सुरेश चंद कर्दम ने सबसे कम खर्च किया है। एसपी सिंह ने 24.83 लाख रुपये, जबकि सुरेश चंद ने 3.77 लाख रुपये खर्च किए हैं।

कलेक्ट्रेट में सोमवार को सभी प्रत्याशियों के चुनाव खर्च रजिस्टर जांचे गए। व्यय प्रेक्षक के सामने खर्च के बिल वाउचर रखे गए। चुनाव खर्च के मामले में फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर दूसरे नंबर पर हैं। चाहर ने 20 लाख रुपये खर्च किए हैं। सपा-कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार ने 7.80 लाख रुपये, बसपा प्रत्याशी रामनिवास शर्मा ने 3.93 लाख रुपये और निर्दलीय डॉ. रामेश्वर सिंह ने 4.45 लाख रुपये खर्च किए हैं। आगरा लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही ने 5.36 लाख रुपये खर्च किए हैं। इनके अलावा अन्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने भी खर्च का ब्योरा व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। निर्वाचन व्यय की नोडल अधिकारी रीता सचान ने बताया कि फतेहपुर सीकरी क्षेत्र से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से प्रत्याशी होतम सिंह निषाद ने बिल वाउचर जमा नहीं कराए हैं।

आगरा सुरक्षित सीट से भारतीय किसान मजदूर पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने खर्च रजिस्टर नहीं दिखाया। उन्होंने बताया कि दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी किए हैं। 4 मई को तीसरी बार चुनाव खर्च का सत्यापन होगा। खर्च का ब्योरा नहीं बताने वाले प्रत्याशियों की अनुमतियां निरस्त हो सकती हैं। उनके विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया जा सकता है।

## भाजपा और सपा में जोर... बसपा की भी चारों सीटों पर पैठ; पार्टियों के दांव से बदली सियासी सूरमाओं की सूरत

**बलरामपुर, एजेंसी।** सियासत में चर्चाएं जीत - हार या फिर समीकरण की होती हैं, लेकिन देवीपाटन मंडल की सियासत में इतिहास बनाने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। यहां दलों ने ऐसा दांव चला है कि परिणाम चाहे जो हो, नया रिकॉर्ड बनना लगभग तय है। तीन संसदीय सीटों पर प्रमुख दलों के प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो चुकी है।

भले ही बसपा ने अभी एक ही संसदीय सीट बहराइच पर अपने पत्ते खोले हैं, लेकिन उसने दावेदारों को हरी झंडी दे दी है। मंडल में प्रत्याशियों के साथ ही पार्टियां भी इस बार संसदीय राजनीति में नई इबारत लिखने की ओर कदम बढ़ा रही हैं। एक संसदीय सीट तो दोहरा रिकॉर्ड गढ़ेगी।

गोंडा संसदीय सीट की बात करें तो भाजपा व सपा दोनों इस बार रिकॉर्ड बनाने की तैयारी किए हैं। भाजपा को जीत मिले तो पार्टी की हैट्रिक होगी, वहीं प्रत्याशी को जीत मिली तो वह अपने संसदीय चुनाव में पांचवीं बार सदन में पहुंचेंगे। यह भी यहां के लिए रिकॉर्ड होगा। पिता के रिकॉर्ड से आगे बढ़ेंगे। इसी तरह सपा ने जीत दर्ज की तो वह भी रिकॉर्ड होगा। एक तो 1996 के बाद महिला नेतृत्व और दूसरा प्रत्याशी पहली बार सियासी सफर शुरू करेंगी। बसपा जीती तो उसके लिए पहली बार जीत होगी। इसी तरह श्रावस्ती संसदीय सीट भी रिकॉर्ड ही बनाएगी। भाजपा को जीत मिली तो पहली बार प्रत्याशी को संसद पहुंचने का अवसर मिलेगा, यही नहीं पार्टी को सीट वापस मिलेगी। सपा की जीत से प्रत्याशी को दूसरी बार अवसर मिलेगा, वहीं सपा का खोया रुतबा भी लौटेगा। इसी तरह बहराइच में तो तीनों दावेदार नए हैं, तीनों की जीत क्षेत्र के लिए एक नया रिकॉर्ड होगा। कैसरगंज में भले ही अभी प्रत्याशी तय नहीं हैं, लेकिन पार्टियां चुनाव तो लड़ेंगी ही।



यहां भी भाजपा जीतेगी तो हैट्रिक होगी। 2014 से यहां भाजपा का ही कब्जा है। इसके अलावा सपा या बसपा ने जीत दर्ज की तो नवगठित सीट में पहली बार खाता खुलेगा। फिलहाल परिणाम चाहे जो हो, चारों सीटों का रुतबा पूरे प्रदेश में बनेगा, यह तो पक्का ही है।

### भाजपा व सपा में जोर, बसपा की भी पैठ चारों सीटों पर

बसपा ने गोंडा व श्रावस्ती में प्रत्याशियों की घोषणा तो नहीं की है, लेकिन दबे पांव पैठ बनाने में जुटी है। बसपा नेता दद्दन खां श्रावस्ती में तो गोंडा में सौरभ मिश्र सियासी रंग में रमे दिख रहे हैं। सपा व भाजपा कैसरगंज को छोड़कर बहराइच, गोंडा व श्रावस्ती में प्रत्याशी उतार चुकी है। इससे तीनों सीटों में यह दोनों दल पूरे जोरशोर से जुट चुनावी रंग गाढ़ा कर रहे हैं। श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र के गैसड़ी में विधानसभा का उप चुनाव भी है, जहां तीनों दल मुस्तैदी से जुटे हैं।

### कैसरगंज हॉट सीट तो श्रावस्ती व गोंडा सुर्खियों में

मंडल की चारों सीटों में कैसरगंज सबसे हॉट सीट में गिनी जा रही है। बिना प्रत्याशी तय हुए ही यहां विशेष निगरानी की जा रही है। यही कारण है कि एक एफआईआर और एक शिक्षक पर चुनाव को देखते हुए कार्रवाई की जा चुकी है। गोंडा में भाजपा व सपा के प्रत्याशियों पर एक-एक एफआईआर दर्ज है। गोंडा संसदीय क्षेत्र में भाजपा व सपा प्रत्याशी को लेकर चर्चा में हैं। श्रावस्ती सूबे की सबसे महत्वपूर्ण सीट मानी जा रही है। यहां भाजपा ने प्रधानमंत्री के करीबी अधिकारी के बेटे को मैदान में उतारा है, वहीं सपा ने बसपा से आए सांसद को टिकट देकर माहौल गरमा दिया है। बहराइच की सीट अपने रौ में ही चल रही है। सुरक्षित होने से कोई खास चर्चा नहीं है, लेकिन भाजपा व सपा की रणनीति के बीच बसपा ने संस्कृत के प्रोफेसर को उतार कर बड़ा दांव चल दिया है।

### छह मई के बाद पूरे मंडल में बढ़ेगी सरगर्मी

मंडल की चारों सीटों में तीन पर तो सियासी दांवपेच तेज है, लेकिन छह मई के बाद सियासत को और रफ्तार मिलेगी। बहराइच में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है, वहीं गोंडा व कैसरगंज में तीन मई को और श्रावस्ती में छह मई को नामांकन कार्य पूरा हो जाएगा। इससे माना जा रहा है कि तीन मई के पहले कैसरगंज में भी दलों के प्रत्याशी तय हो जाएंगे और नामांकन हो जाएगा। इस तरह छह मई के बाद मंडल में सियासत का अलग ही रंग दिखेगा।

## घोषणा पत्र पर तेज हुई बहस को कांग्रेस मान रही रणनीतिक सफलता, भाजपा का जवाब देने की तैयारी

**लखनऊ , एजेंसी।** मुस्लिम लीग की छाप, मंगलसूत्र ले लेने और शरिया कानून आदि आरोपों के बीच इन दिनों कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर चर्चा काफी तेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य भाजपा नेता इसे लेकर कांग्रेस पर लगातार हमले कर रहे हैं। जबकि कांग्रेसी इसे रणनीतिक सफलता मान रहे हैं। इसी के साथ अब पार्टी प्रदेश में अगले चरणों में अपने घोषणा पत्र व गारंटी कार्ड को और जोर-शोर से अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने में जुट गई है।

पिछले दिनों राजस्थान की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया था कि कांग्रेस आम लोगों की संपत्ति और महिलाओं का मंगलसूत्र बेच देगी। इसके बाद कांग्रेस के घोषणा पत्र पर सवाल-जवाब तेज हो गए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी भाजपा के आरोपों के जवाब देने और अपने घोषणा पत्र की खूबियां गिनाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। यूपी में तो कांग्रेस पहले से ही अपने घोषणा पत्र को चुनावी हथियार बनाकर काम कर रही है।



कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि भाजपा हमारी पिच पर आकर खेल रही है। पार्टी इसे और आगे बढ़ाने का काम करेगी। भाजपा भले ही हमारे घोषणा पत्र पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही हो लेकिन इससे घोषणा पत्र पर चर्चा तेज हुई है। आम लोग घोषणा पत्र को पढ़ और समझ भी रहे हैं। प्रदेश में आगे के चरणों में हम इसे हर बूथ तक पहुंचाएंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि हमारा गारंटी कार्ड पहले चरण में 17 लोकसभा क्षेत्रों (जहां पार्टी चुनाव लड़ रही है) में पहुंच चुका है। अब बचे हुए अन्य लोकसभा क्षेत्रों में भी इसका वितरण कराकर चर्चा तेज की जाएगी। इसी के माध्यम से हम भाजपा के दुष्प्रचार का भी जवाब देंगे।

### एक मई को बीएलए, बूथ कमेटियों का सम्मान

पार्टी ने इस चुनाव में बदली हुई रणनीति के तहत सर्वाधिक फोकस बीएलए व बूथ कमेटियों के गठन पर दिया था। पहले दो चरणों में इनके माध्यम से पार्टी अपनी नीतियों को पहुंचाने व चुनाव प्रबंधन में सफल रही है। इसे देखते हुए एक मई को पार्टी ने सभी जिलों में तैनात अपने बीएलए, बूथ कमेटियों, न्याय पंचायत, ब्लॉक कमेटियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान उन्हें घोषणा पत्र की जानकारी देने, न्याय पत्र वितरण और ईवीएम के बारे में ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

## सपा में नई राजनीति का संकेत: अखिलेश की उन नेताओं से दूरी...जिनकी कभी बोलती थी तूती; होर्डिंग पर भी न मिली जगह

**एटा , एजेंसी।** कहते हैं राजनीति करवट बदलती है। राजनेताओं का भविष्य भी इसके साथ डांवाडोल होता है। कभी एटा की राजनीति और हर चुनाव में दबदबा रखने वाले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह और उनका पूरा परिवार सोमवार को सपा की चुनावी रैली के होर्डिंग से पूरी तरह लापता था। पार्टी का प्रत्याशी शाक्य और विरोधी प्रत्याशी लोधी है, तो इन दोनों जातियों पर अधिक फोकस किया गया। अनकहे ढंग से पार्टी ने अपने बड़े स्थानीय नेताओं से किनारा कर लिया।

पूर्व में एटा लोकसभा सीट पर हमेशा ही यादव प्रत्याशी चुनाव लड़ते रहे हैं। वह हारे या जीते, दूसरी जाति का प्रत्याशी नहीं आता था, लेकिन इस बार बदलाव की आंधी आई। औरैया से शाक्य प्रत्याशी को चुनाव लड़ने भेजा गया। इसे लेकर यादव और इस समाज के तमाम नेता सहमत नहीं हुए। नतीजा, एक के बाद एक सपा के यादव नेताओं के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने का सिलसिला चल पड़ा। भले ही सपा इन नेताओं का वजूद कम बताकर तसल्ली करने की कोशिश करे, लेकिन यादवों की असंतुष्टि को नहीं नकार सकती है।





सोमवार को शहर के सैनिक पड़ाव का नजारा देखकर भी सपा समर्थकों और यादवों को खिन्नता हुई। पूरा मैदान तमाम होर्डिंगों से अटा हुआ था, लेकिन इसमें एक भी होर्डिंग पर सपा नेता पूर्व जिला पंचायल अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव और उनके किसी परिजन का फोटो नहीं था। मंच पर जुगेंद्र सिंह यादव की पत्नी जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा यादव को तो जगह दी गई, लेकिन उनके नाम का भी कोई होर्डिंग नहीं था, जो अपने आपमें सवाल खड़ा कर रहा था कि क्या पार्टी इन नेताओं को दरकिनार अपनी छवि बदलने का प्रयास कर रही है? या मौजूदा प्रत्याशी के आगे यादव नेताओं का प्रभाव कम हो रहा है?

### मंच पर ये रहे मौजूद

सपा जिलाध्यक्ष परवेज जुबैरी, पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, पूर्व विधायक अमित गौरव यादव, किरन यादव, कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अनिल सोलंकी आदि मंच पर मौजूद रहे।

### 79 सीटें जीत रहे, एक पर संघर्ष

सभा के बाद पत्रकारों के सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन 79 सीटें जीत रहा है। बिना किसी सीट का नाम लिए कहा, एक पर संघर्ष है। वहीं, रविवार को कासगंज में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और जलेसर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कल्याण सिंह के दिवंगत होने पर शोक संवेदना व्यक्त न करने का आरोप लगाया था। इसके जवाब में कहा कि जैसे ही खबर मिली, सबसे पहले रात 10 बजे मैंने ही उनके परिवार को फोन किया था। हमने तो उन्हें एटा से उस समय सांसद बनाया, जब भाजपा वालों ने उनका अपमान किया था।

## रामनगरी में दो दिन मनेगी जानकी नवमी...उदया तिथि के भेद के चलते 16 व 17 मई को मनाया जाएगा पर्व

**अयोध्या , एजेंसी।** राम जन्मोत्सव के बाद अब जानकी जन्मोत्सव की भी तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनक नंदिनी माता जानकी का प्राकट्योत्सव इस साल बैसाख शुक्ल नवमी पर मनाया जाएगा। जानकी जन्मोत्सव को लेकर उदया तिथि का भेद भी सामने आया है।

छोटी देवकाली मंदिर में जानकी नवमी का उत्सव 16 मई को मनाया जाएगा, जबकि वैष्णव परंपरा के मंदिरों में 17 मई को जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस बार रामलला के दरबार में भी जानकी जन्मोत्सव की तैयारियां की जा रही हैं।

अयोध्या में शाक्त परंपरा के सबसे प्रतिष्ठित देवी मंदिर छोटी देवकाली में बैसाख नवरात्र का नौ दिवसीय अनुष्ठान नौ मई से दुर्गा सप्तशती के पारायण से होगा। इस मौके पर देवकाली मंदिर में उत्सवों का आयोजन करने वाली संस्था देवकाली समाज का 89वां वार्षिकोत्सव भी मनाया जाएगा। इस दौरान महाअष्टमी के पर्व पर 15 मई को छोटी देवकाली मंदिर में देवी मां की भव्य शोभायात्रा पूरे नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी।



**श्रीराम-जानकी मंदिर में होगा श्रीराम महायज्ञ–** दशरथ राजमहल बड़ा स्थान में जानकी नवमी के उपलक्ष्य में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन बिंदुगद्याचार्य महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य के सानिध्य में परंपरागत रूप से किया जाएगा। इस महायज्ञ का आयोजन मखौड़ा धाम स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर में होगा। कनक भवन में भी जनक नंदिनी का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनेगा। कनक भवन की मान्यता है कि माता कैकेई ने इसे देवी सीता को मुंह दिखाई में भेंट स्वरूप दिया था। इसी तरह से जानकी महल को भी जनकलली किशोरी जी का मायका कहा जाता है। इसके अलावा श्रीरामबल्लभाकुंज, लक्ष्मण किला, सियाराम किला, रामहर्षण कुंज सहित अन्य मंदिरों में भी जानकी जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, बुधवार, 01 मई, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में शख्स ने लोगों पर तलवार से हमला किया, घर में गाड़ी लेकर घुसा, 2 पुलिस अफसरों समेत 5 घायल

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के हैनॉल्ट इलाके के पास मंगलवार को 36 साल के एक व्यक्ति मनप्रीत सिंह ने लोगों पर तलवार से हमला कर दिया। इस घटना में दो पुलिस अधिकारियों समेत 5 लोगों घायल हुए हैं। BBC न्यूज के मुताबिक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मैट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि लोकल समय के मुताबिक सुबह 7:00 बजे पुलिस को थर्लो गॉर्डन इलाके में एक गाड़ी के घर में घुसने की सूचना मिली थी। साथ ही यह भी बताया गया था कि शख्स ने कई लोगों पर हमला किया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी का पीछा करते वक्त उसने पुलिस अफसरों पर भी तलवार से हमला किया। हालांकि, बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हैनॉल्ट में हुए हमलों को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। सुनक ने लिखा, "यह बेहद हैरान कर देने वाली घटना है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित लोगों और उनके परिवारों के साथ है। मैं आपातकालीन सेवाओं और पुलिस को समय पर




कार्रवाई करने के लिए धन्यवाद देता है। इस तरह की हिंसा के लिए हमारे देश में कोई जगह नहीं है।" ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा है कि उन्हें हादसे के बारे में अपडेट किया जा रहा है। घायलों के प्रति उनकी संवेदनाएं है। पुलिस ने आसपास की सड़कों और स्टेशन को बंद कर दिया है। हैनॉल्टके डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर एड एडेल्कन ने कहा है कि घटना के कारण इलाके के कई लोग हैरान है। लोग हमले के बारे में जानना चाहते हैं। हम जल्द से जल्द लोगों को हमले की जानकारी देने की कोशिश करेंगे। हालांकि हमे नहीं लगता है कि हमला आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। मामले को देखते हुए हैनॉल्ट के ट्यूब स्टेशन को हमले के बाद बंद कर दिया गया है। लंदन के मेयर सादिक खान ने भी हमले पर रिएक्शन दिया है। खान ने कहा है कि उन्हें हमले की जानकारी से बेहद दुख हुआ

### दावा- RAW ने आतंकी पन्नू की हत्या की प्लानिंग की, पूर्व CRPF अधिकारी विक्रम यादव को सौंपा था ऑपरेशन

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में भारतीय जांच एजेंसी RAW (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) का हाथ था। अमेरिकी मीडिया वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पन्नू की हत्या की पूरी प्लानिंग RAW के एक सीनियर अधिकारी विक्रम यादव ने की थी। पन्नू को मारने के लिए विक्रम ने एक हिट टीम को काम पर रखा था। यादव ने पन्नू के बारे में भारतीय एजेंट निखिल गुप्ता को जानकारी भेजी, जिसमें उसके न्यूयॉर्क में होने के बारे में पता चला था। इसके बाद निखिल गुप्ता ने पन्नू को मारने के लिए एक एजेंट से संपर्क किया। हालांकि प्लानिंग सफल होने से पहले ही निखिल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। वॉशिंगटन पोस्ट की इस रिपोर्ट पर भारत की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "रिपोर्ट में एक



गंभीर मामले को लेकर भारत पर गलत और बेतुके आरोप लगाए गए हैं।" जायसवाल ने आगे कहा, "भारत सरकार ने इस मामले की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी अमेरिका की चिंताओं के आधार पर संगठित अपराधियों और आतंकियों के नेटवर्क की जांच कर रही है। इन सबके बीच मामले को लेकर अटकलें लगाना या गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां करना सही नहीं हैं।" वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक, अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसियों ने यह भी बताया कि पन्नू को मारने के लिए चलाए गए ऑपरेशन को RAW के तत्कालीन चीफ समंत गोयल ने अप्रूव किया था। इस ऑपरेशन की जानकारी रखने वाले कुछ भारतीय सुरक्षा अधिकारियों ने भी अमेरिकी मीडिया के सामने इस दावे की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गोयल के ऊपर विदेशों में मौजूद खालिस्तानी आतंकियों को खत्म करने का दबाव था। रिपोर्ट में इस बात की भी आशंका जताई गई है कि RAW की इस प्लानिंग की जानकारी भारत के NSA अजीत डोभाल के पास भी थी। हालांकि इसके कोई सबूत नहीं मिले हैं।

### मनीष सिसोदिया की दूसरी बार रेगुलर बेल याचिका खारिज, CBI और ED ने विरोध किया था

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार (30 अप्रैल) को दिल्ली के डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया की दूसरी रेगुलर बेल याचिका खारिज कर दी है। सिसोदिया की जमानत का सीबीआई और ईडी ने विरोध किया था। मनीष ने मुकदमे में देरी के आधार पर जमानत मांगी थी। वे फरवरी 2023 से हिरासत में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि से माफीनामे की ओरिजिनल कॉपी मांगी, रामदेव-बालकृष्ण को अगली पेशी से छूट दी

**नई दिल्ली।** पतंजलि विज्ञापन केस में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में करीब डेढ़ घंटे सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच में रामदेव और बालकृष्ण पांचवीं बार पेश हुए। पतंजलि की ओर से मुकुल रोहतगी और बलबीर सिंह ने पैरवी की। उत्तराखंड सरकार की ओर से ध्रुव मेहता पेश हुए। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) भी आज की सुनवाई में शामिल हुआ। सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने पतंजलि के वकील को ओरिजिनल माफीनामा (न्यूज पेपर्स की कॉपी) की जगह ई-फाइलिंग करने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- बहुत ज्यादा कम्युनिकेशन गैप है। कोर्ट ने इस पर ऐतराज जताया और कहा कि ये जानबूझकर किया जा रहा है। पतंजलि के वकील ज्यादा स्मार्ट हैं। पूरा न्यूज पेपर फाइल किया जाना था। कोर्ट ने पतंजलि पर समय पर कार्रवाई नहीं करने को लेकर उत्तराखंड सरकार को भी फटकारा। साथ ही IMA प्रमुख के एक दिन पहले दिए इंटरव्यू को रिकॉर्ड में लेने को कहा। कोर्ट ने पतंजलि को इजाजत दी कि वो अपने माफीनामे वाले विज्ञापन का अखबार पेश कर सके। ई-फाइलिंग और कटिंग्स की इजाजत नहीं दी गई। अगली सुनवाई के लिए बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को सुनवाई के दौरान मौजूद रहने से छूट दे दी गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष के मीडिया इंटरव्यू का मुद्दा भी सुना, जिसमें वो IMA की तरफ उंगली उठाने के लिए आलोचना कर रहे हैं। कोर्ट ने यह इंटरव्यू मांगा है ताकि फैसला लिया जाए कि क्या एक्शन लिया जाए। उत्तराखंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी की ओर से फाइल एफिडेविट की कोर्ट ने आलोचना की है।

### भारद्वाज बोले- चड्ढा की आंखों की रोशनी जा सकती थी, कहा- वे सर्जरी के लिए लंदन में हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया है कि आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा आंखों की सर्जरी कराने लंदन गए हैं। राघव की आंखों में कॉम्प्लिकेशन आ गया था। मुझे बताया गया था कि यह बेहद गंभीर है और अगर समय रहते उन्हें ट्रीटमेंट नहीं दिया गया तो उनकी आंखों की रोशनी जाने की भी संभावना थी। भारद्वाज ने कहा कि मैं उनके जल्दी ठीक होने की उम्मीद करता हूं। जैसे ही वे ठीक हो जाएंगे, वे भारत आएंगे और पार्टी के कैंपेन से जुड़ेंगे। राघव चड्ढा इस साल मार्च में आंखों की सर्जरी कराने के लिए लंदन गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव को रेटिना डिटेचमेंट को रोकने के लिए विट्रोक्टोमी सर्जरी करानी थी। रेटिना डिटेचमेंट आंखों में होने वाली एक गंभीर बीमारी है। इसमें रेटिना में छोटे छेद होने लगते हैं और इससे आंखों की रोशनी को खतरा पैदा हो जाता है। इसे रोकने के लिए तुरंत सर्जरी करानी होती है। ट्रीटमेंट के लिए लंदन होने के बावजूद राघव चड्ढा ने पार्टी में हो रही गतिविधियों को लेकर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लेकर सुनीता केजरीवाल के राजनीति में कदम रखने जैसी गतिविधियों को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में लैंडस्लाइड-बाढ़ से 5 लोगों की मौत

एजेंसी, श्रीनगर।



रविवार रात से जारी है बारिश, ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में लैंडस्लाइड और बाढ़ से 5 लोगों की मौत हो गई। जम्मू कश्मीर में रविवार (28 अप्रैल) से भारी बारिश हो रही है। राज्य के पहाड़ों पर बर्फबारी भी जारी है। कई घरों को नुकसान पहुंचा है और सैकड़ों रहवासी प्रभावित हुए हैं। जम्मू क्षेत्र के डोडा, रियासी, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के किश्तवाड़ सहित कई पहाड़ी जिलों में भारी बारिश और भूस्खलन हुआ है। कल, रामबन जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन के बाद श्रीनगर-जम्मू बंद कर दिया गया था।

**पांच ब्रिज और सड़कें टूटीः** बाढ़ ने कुपवाड़ा जिले में शूमरियाल ब्रिज, खुमरियाल ब्रिज, शतमुकम ब्रिज, सोहिपोरा-हैहामा ब्रिज, फारक्यान ब्रिज, कुपवाड़ा में दो ग्रामीण विकास विभाग भवन और सहायक निदेशक हस्तशिल्प कार्यालय भवन को नुकसान पहुंचाया है। शुमर्याल- गुंडाझांगर सड़क टूट गई है। डोबन कछामा बांध में दरार आ गई है। कुपवाड़ा में अब स्थिति में सुधार होना शुरू हो गया है। जल स्तर घट रहा है और लोग अपने टूटे घरों में लौट रहे हैं। कल अचानक आई बाढ़ के कारण सड़क का एक हिस्सा बह गया और कई घरों में घुटनों तक पानी भर गया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कहा कि समय पर राहत टीम पहुंचने से बाढ़ प्रभावित इलाकों में जानें बच गई। हंदवाड़ा के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजीज अहमद ने कहा, हम नुकसान का आकलन कर रहे हैं। हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बाढ़ में हमने सब कुछ खो दिया है, हमें भोजन और कपड़े की जरूरत है।लगातार बारिश के कारण श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग के कुछ हिस्से पानी में डूबे हुए हैं। श्रीनगर शहर और कश्मीर घाटी के अन्य निचले इलाकों में जलभराव से कई क्षेत्र प्रभावित हुए। बीते तीन दिनों से लगातार जारी भारी बारिश के कारण कश्मीर में सड़कें और निचले इलाकों में पानी भर गया है। स्कूलों की छुट्टियां कर दी गईं हैं। श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाइवे और मुगल रोड सहित प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद है। बारिश के चलते अधिकांश नदियां खतरे के निशान के आसपास बह रही हैं। अधिकारियों ने बाढ़ के खतरे से इनकार किया है।लेकिन किसी भी स्थिति से निपटने के लिए नदियों के किनारे बचाव दल तैनात किए गए हैं। साथ ही लोगों को नदियों से दूर रहने की सलाह भी दी गई है।

**ऊंचे इलाकों में बर्फबारीः** ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में 5 से 10 डिग्री तक गिरावट आई है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक बीते 5 दिनों में खर्मीर के बनिहाल में सबसे ज्यादा 156.4 मिमी, काजीगुंड में 137.8 मिमी, पहलगाम में 133.5 मिमी और श्रीनगर में 98.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव से ठीक पहले ही क्यों हुई



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाए। बेंच ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) के वकील ASG एसवी राजू से पूछा- दिल्ली के मुख्यमंत्री को लोकसभा चुनाव से ठीक पहले ही क्यों गिरफ्तार किया गया। स्वतंत्रता बहुत महत्वपूर्ण है, आप इससे इनकार नहीं कर सकते। कोर्ट ने 5 सवालों के जवाब के साथ 3 मई को सुनवाई की तारीख रखी। इससे पहले बेंच ने 29 अप्रैल की सुनवाई में कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा था कि आपको ED ने जो नोटिस भेजे, आपने उन्हें नजरअंदाज क्यों किया। आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ यहां आए, आपने जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट क्यों नहीं गए।

## अमित शाह फेक वीडियो केस, अहमदाबाद से 2 गिरफ्तार

एजेंसी, अहमदाबाद।

अमित शाह फेक वीडियो केस में मंगलवार 30 मई को गुजरात के अहमदाबाद से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी का पीए और दूसरा AAP कार्यकर्ता है। इस केस में सोमवार 29 अप्रैल को भी असम से एक आरोपी गिरफ्तार किया गया था। वहीं, दिल्ली पुलिस की यूनिट इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटजिक ऑपरेशंस (IFSO) ने इस मामले में 16 लोगों को समन भेजा है। ये सभी 7-8 राज्यों से हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को 29 अप्रैल को ही समन भेजा जा चुका है। इन सभी लोगों को 1 मई को दिल्ली में IFSO यूनिट में पेश होना होगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, 16 में से 6 लोग तेलंगाना कांग्रेस के सदस्य हैं, जिनमें मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी को संबंधित दस्तावेज और सबूत के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस



(मोबाइल-लैपटॉप) लाने को कहा है। फेक वीडियो को लेकर मंगलवार 29 मई को गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'कांग्रेस ने उनका फेक वीडियो बनाकर वायरल किया, वह जनता को गुमराह कर रही है।' शाह ने असम के गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने ओरिजिनल और फेक वीडियो प्ले किया। गृह मंत्री ने कहा, 'दूध का दूध पानी का पानी हो गया है। हमारी पार्टी एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण के समर्थन में है। इन समुदायों के आरक्षण पर अगर किसी ने डाका डाला है तो वह कांग्रेस पार्टी ने डाला है। फेक वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस में एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी।

## राहुल बोले- महालक्ष्मी योजना में हर महीने 8500 मिलेंगे, हम महिलाओं को लखपति बनाएंगे

### 6 महीने में 30 लाख सरकारी पद भरेंगे

एजेंसी, भिंड।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भिंड में कहा, मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत देशभर की गरीब महिलाओं को लखपति बनाएंगे। हर महीने उनके खाते में 8500 रुपए डाले जाएंगे। 6 महीने में 30 लाख सरकारी पद भरे जाएंगे। राहुल गांधी ने भिंड-दतिया लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के पक्ष में एमजेएस मैदान पर चुनावी सभा की। राहुल ने हाथ में संविधान लेकर कहा- ये मामूली किताब नहीं है। आजादी के पास किसानों, गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, आदिवासियों को जो भी कुछ मिला है इस किताब के कारण मिला है। अब पीएम ने अमित शाह ने और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि वो चुनाव जीतेंगे तो इस किताब को फाड़कर फेंक देंगे।



**30 लाख सरकारी पद खाली, हम 6 महीने में भर देंगेः** 30 सरकारी लाख पद खाली पड़े हैं। हम 6 महीने में आपके हवाले कर देंगे। सेना में युवा जाते हैं। सबसे ज्यादा भिंड से। मोदी जी ने दो तरह के जवान बना दिए। एक को कैंटीन और अच्छी सैलरी मिलेगी। दूसरा जिसे ये नहीं मिलेंगे। एक को जवान दूसरे को अग्निवीर कहते हैं। आप सोचिए दो लोगों को युद्ध में भेज रहे हो, एक से कह रहे हो आपको कुछ हुआ तो हम आपके परिवार की रक्षा करेंगे। और दूसरे जवान से कह रहे हैं, आपको कुछ हुआ तो कोई पेंशन और मदद नहीं मिलेगी। शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा। मोदी जी ने सेना का अपमान किया है।

**हमारी सरकार हर ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप कराएगीः** अरबपतियों के बेटे अपने पिता की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप करते हैं, उनको पैसा मिलता है। ये उनको कंपनी में डालने का मौका होता है। हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो हर ग्रेजुएट को ये अधिकार देने जा रही है। आप सरकार से एक साल की गारंटी की नौकरी मांग सकते हो।

**महिलाओं को लखपति बनाने की महालक्ष्मी योजना आएगीः** हमने मनरेगा लागू की तो मीडिया ने कहा, गरीबों की आदत बिगाड़ रहे हैं। मोदी जी अरबपतियों को पैसा देते हैं तो कहते हैं विकास हो रहा है। जितना उन्होंने 10 साल में उनको दिया, हम आपको देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाने की योजना।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 10 नक्सली मारे गए

एजेंसी, जगदलपुर।

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में मंगलवार सुबह DRG और STF के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए। इनमें 3 महिला माओवादी हैं। इन सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटनास्थल से एक AK-47 समेत भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ के बाद सर्चिंग की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के टेकामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर सोमवार देर रात जवान सर्चिंग पर निकल गए थे। जवान मंगलवार की सुबह जब इस इलाके में पहुंचे तो यहां नक्सलियों ने उन्हें देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में नक्सली मारे गए। पुलिस मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। सूत्रों के मताबिक यहां पर माओवादियों के बड़े कैडर्स मौजूद थे।



♦ इनमें 3 महिलाएं, हथियार और विस्फोटक बरामद, 14 दिन पहले राज्य में 29 माओवादी मारे गए थे

**16 अप्रैल को कांकेर मुठभेड़ में मारे गए थे 29 नक्सलीः** इससे पहले कांकेर जिले में 16 अप्रैल को पुलिस और नक्सलियों के बीच करीब साढ़े 5 घंटे तक मुठभेड़ हुई। DRG और BSF के जवानों ने माओवादियों के ठिकाने में घुसकर उनके 29 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ के वक्त नक्सली दोपहर का खाना खाकर बेफिक्र होकर बैठे थे।

### नौसेना के नए चीफ बने दिनेश त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार (30 अप्रैल) को नेवी के 26वें चीफ के तौर पर पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एडमिरल आर हरि कुमार की जगह ली है। पदभार संभालने से पहले उन्होंने अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत में योगदान के लिए भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम काम करेंगे। कम्युनिकेशन एंड इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर के स्पेशलिस्ट माने जाने वाले एडमिरल दिनेश त्रिपाठी अब तक नेवी के वाइस चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। एडमिरल त्रिपाठी को दिल्ली में नेवी चीफ का पदभार सौंपा गया। 60 साल के एडमिरल त्रिपाठी त्रिपाठी 39 साल से नौसेना में हैं। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना एकजुट और विश्वसनीय फोर्स के रूप में डेवलेप हुई है।

## बिना इंजन दौड़ी मालगाड़ी, 5 डिब्बे पटरी से उतरे

एजेंसी, नई दिल्ली।

खंडवा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह 7.30 बजे मालगाड़ी बिना इंजन के ही 200 मीटर तक दौड़ गई। मालगाड़ी के 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। ओवर हैड इक्विपमेंट (ओएचई) लाइन का पोल टेढ़ा हो गया। इस वजह से इटारसी-मुंबई अप-डाउन ट्रैक पर ढाई घंटे से ज्यादा यातायात बाधित रहा। खंडवा रेलवे स्टेशन जंक्शन है। दिल्ली - मुंबई वाया भोपाल, जबलपुर से कनेक्ट है। खंडवा आने वाली और यहां से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को आसपास के दूसरे रेलवे स्टेशनों पर रोक कर रखना पड़ा। गर्मी में यात्रियों को परेशान होना पड़ा। सीपीआरओ मुंबई डॉ. स्वप्निल मीणा ने बताया कि चेकिंग के बाद अप एंड डाउन लाइन पर ट्रेनों को रवाना किया



♦ खंडवा में ओएचई पोल टेढ़ा हुआ, इटारसी-मुंबई रूट ढाई घंटे प्रभावित रहा

गया। गिट्टी से भरी 12 डिब्बों की मालगाड़ी खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर सोमवार रात से खड़ी थी। इंजन नहीं जुड़ा था। बताया जा रहा है कि ट्रेन के पहियों में पॉइंट (रोककर रखने के लिए टेक) नहीं लगाए गए थे। ऐसे में मालगाड़ी आज सुबह आगे बढ़ गई। मालगाड़ी लूप लाइन पर थी।

## पाकिस्तान को IMF से मिलेंगे 9 हजार करोड़

एजेंसी, नई दिल्ली।

अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष ( IMF ) ने आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज की तीसरी किश्त को मंजूरी दे दी है। यह किश्त 1.1 बिलियन डॉलर यानि 9 हजार करोड़ रुपए की है। IMF ने कहा है कि पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। इस किश्त के बाद पाकिस्तान पर IMF का कुल कर्ज 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। IMF के बेल आउट पैकेज पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। पाक पीएम ने कहा है कि IMF के बेलआउट पैकेज से पाकिस्तान में आर्थिक स्थिरता आएगी। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के



लिए कई कड़े फैसले लिए थे, अब यह फैसले लाभकारी साबित हो रहे हैं। हालांकि शहबाज शरीफ ने यह भी कहा है कि असली सफलता कर्ज पाने में नहीं, बल्कि कर्ज से मुक्ति पाने में है।

**भारत IMF बोर्ड की वोटिंग में शामिल नहीं हुआः** सोमवार 29 अप्रैल को वॉशिंगटन में IMF के कार्यकारी बोर्ड की बैठक हुई। यह बैठक ग्लोबल लैंडर्स के पाकिस्तान की आर्थिक सुधार कार्यक्रम के दूसरे और आखिरी रिव्यू के बाद की गई थी।

## एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक का खतरा

एजेंसी, नई दिल्ली।

ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने माना है कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। ब्रिटिश मीडिया टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, एस्ट्राजेनेका पर आरोप है कि उनकी वैक्सीन से कई लोगों की मौत हो गई। वहीं कई अन्य को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा। कंपनी के खिलाफ हाईकोर्ट में 51 केस चल रहे हैं। पीड़ितों ने एस्ट्राजेनेका से करीब 1 हजार करोड़ का हर्जाना मांगा है। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।

**सबसे पहले ब्रिटिश नागरिक जेमी स्कॉट ने केस कियाः** अप्रैल 2021 में जेमी स्कॉट नाम के शख्स ने यह वैक्सीन लगवाई थी। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। शरीर में खून के थक्के बनने का सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ा। इसके अलावा स्कॉट के ब्रेन में इंटर्नल ब्लीडिंग भी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनकी पत्नी से कहा था कि वो स्कॉट को नहीं बचा पाएंगे।



**कंपनी ने पहले दावों को नकारा, फिर मानाः** पिछले साल स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मई 2023 में स्कॉट के आरोपों के जवाब में कंपनी ने दावा किया था कि उनकी वैक्सीन से TTS नहीं हो सकता है। हालांकि इस साल फरवरी में हाईकोर्ट में जमा किए दस्तावेजों में कंपनी इस दावे से पलट गई। इन दस्तावेजों की जानकारी अब सामने आई है। हालांकि अवैक्सीन में किस चीज की वजह से यह बीमारी होती है, इसकी जानकारी फिलहाल कंपनी के पास नहीं है। इन दस्तावेजों के सामने आने के बाद स्कॉट के वकील ने कोर्ट में दावा किया है कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन में खामियां हैं और इसके असर को लेकर गलत जानकारी दी गई।

♦ ब्रिटिश कंपनी ने कोर्ट में माना, भारत में इसी फॉर्मूले से बनी कोवीशील्ड के 175 करोड़ डोज लगे

**वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2021 में वैक्सीन से होने वाली बीमारी की पहचान कीः** वैज्ञानिकों ने सबसे पहले मार्च 2021 में एक नई बीमारी वैक्सीन-इंड्यूस्ड (वैक्सीन से होने वाली) इम्यून थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (VITT) की पहचान की थी।

## पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच गिलेस्पी ने कहा

# वह बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के नए टेस्ट कोच के रूप में उनका सिद्धांत यह होगा कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश न करें जो वो नहीं हैं। पाकिस्तान के टेस्ट कोच के रूप में गिलेस्पी का पहला कार्यभार अगस्त में बांग्लादेश के साथ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप स्टैंडिंग में पांचवें स्थान पर है। यह पहली बार है कि गिलेस्पी किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के कोच होंगे। इससे पहले वह यॉर्कशायर के मुख्य कोच के रूप में काम कर चुके हैं, साथ ही ससेक्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया को भी



कोचिंग दे चुके हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) और एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ टी20 कोचिंग भूमिकाएं भी निभाई। जेसन गिलेस्पी ने कहा, देखो, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए यही महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! टेस्ट क्रिकेट प्रारूप की लोकप्रियता में योगदान देने पर, गिलेस्पी ने कहा, मुझे टेस्ट क्रिकेट पसंद है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से आपके खेल के हर हिस्से का टेस्ट लेता है। यह टेक्नीक का परीक्षण करता है और यही सच्ची परीक्षा है। आपको केवल दुनिया भर के खिलाड़ियों से बात करनी है और वे सभी टेस्ट खेलना पसंद करते हैं।

### आईपीएल:2024 में अच्छा प्रदर्शन करना

# टी-20 विश्व कप चयन की गारंटी नहीं देता : इरफान

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि मौजूदा आईपीएल 2024 में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए चयन की गारंटी नहीं दे सकता। इरफान पठान ने टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया के चयन पर अपनी बात रखी है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्ड कप एपिसोड में कहा कि जब चीका सर (कृष्णमाचारी श्रीकांत) चयनकर्ता थे, तब मैं भारतीय टीम का हिस्सा था। भारत के लिए खेलने के बावजूद मुझे चोटिल होने के कारण बाहर कर दिया गया। लेकिन, मुझे कोई शिकायत नहीं है। मेरे मन में उनके प्रति बहुत सम्मान है, लेकिन मैं कह रहा हूं उस समय स्थिति अलग थी। शायद कप्तान या चयन समिति की सोच भी अलग थी। 2007 टी20 विश्व कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे पठान ने कहा कि जब आप चयन समिति में होते हैं, तो आपको किसी खिलाड़ी के बारे में नहीं भूलना चाहिए। सिर्फ आईपीएल को चयन का आधार नहीं, बल्कि खिलाड़ी के पिछले प्रदर्शन को भी ध्यान में रखना होगा।

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के सामने टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करना काफी मुश्किल काम है, क्योंकि जहां कुछ नए चेहरे आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं कई ऐसे बड़े नाम भी है, जिनका प्रदर्शन अब तक टूर्नामेंट में ज्यादा अच्छा नहीं रहा है।

जब पठान से पूछा गया कि क्या टी20 विश्व कप के लिए युवा खिलाड़ियों को चुना जाना चाहिए, तो उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी आ सकते हैं, लेकिन टूर्नामेंट वेस्टइंडीज और यूएसए की पिचों की धीमी परिस्थितियों में खेला जा रहा है, इसलिए अनुभवी खिलाड़ियों को चुना जाना महत्वपूर्ण है। तो आप जो सवाल पूछ रहे हैं, वह यह है कि युवा खिलाड़ियों को चयनकर्ताओं द्वारा समर्थन दिया जा रहा है, खासकर आईपीएल के प्रदर्शन के बाद।

### टी-20 वर्ल्ड कप

## टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम का एलान, बावुमा स्क्वॉड से बाहर

जोहानिसबर्ग, एजेंसी। टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का एलान हो गया है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड की कमान एडेन मार्करम को सौंपी गई है। वहीं, पूर्व कप्तान तेम्बा बावुमा को टीम से बाहर कर दिया गया है। ओटनील बार्टमैन और रेयान रिकेल्टन के रूप में टीम में दो नए चेहरे हैं। यह पहली बार है जब किसी आईसीसी इवेंट में मार्करम कप्तानी करते दिखेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम में सबसे




दिलचस्प चीज एनरिक नॉर्तजे को शामिल करना रहा है। वह नौ महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज आईपीएल 2024 सीजन खेल रहा है। इससे पहले वह पीठ की चोट से जूझ रहे थे। इस समस्या की वजह से वह सितंबर 2023 से एक्शन से बाहर थे।

इस खास टूर्नामेंट के जरिए क्विंटन डिकॉक भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने 2023 क्रिकेट विश्व कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। डिकॉक 2022 में ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। नॉर्तजे और डिकॉक, दोनों क्रिकेटरों को हाल ही में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखा गया था।

टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम : एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्तुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्तजे, कगिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।



## रिंकू का नाम 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में होना चाहिए : श्रीकांत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता रहे कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा कि बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया जाना चाहिए। रिंकू आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी की आखिरी पांच गेंदों पर पांच सिक्स जड़ने के साथ सुर्खियों में आए। आईपीएल में उन्होंने लगातार अपनी फिनिशिंग टच से फैंस का दिल जीता है। इतना ही नहीं पिछले सीजन में अपने दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने साल के अंत में भारत के लिए टी20 में डेब्यू किया और 15 मैचों में 356 रन बनाए, जिनमें से सात मैच में 176.23 की स्ट्राइक रेट से नाबाद रहे।

केकेआर के शीर्ष क्रम ने आईपीएल 2024 में अब तक टीम के लिए बड़े पैमाने पर स्कोरिंग की है। रिंकू को बल्लेबाजी के लिए ज्यादा समय नहीं मिला है, उन्होंने आठ मैचों में 157.74 की स्ट्राइक-रेट से 112 रन बनाए हैं। श्रीकांत भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य चयनकर्ता थे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो के टिकट टू वर्ल्ड कप एपिसोड में कहा कि रिंकू सिंह मेरे 15 खिलाड़ियों में से एक है। उसे आईपीएल में बल्लेबाजी करने के ज्यादा मौके नहीं मिले हैं, लेकिन आप उसका अंतर्राष्ट्रीय ट्रैक रिकॉर्ड देखें, यह अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि आईपीएल के जरिए कई भारतीय युवा खिलाड़ी को अपना दमखम दिखाने का मौका मिला है, जिनकी अब आगामी पुरुष टी20 विश्व कप की चयन दौड़ में चर्चा हो रही है।

2007 संस्करण का विजेता भारत, अपने पुरुष टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। उसे ग्रुप ए में पाकिस्तान, कनाडा और टूर्नामेंट के सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।

## व्यापार

### डीए 50 प्रतिशत बढ़ा तो केंद्रीय कर्मियों के बच्चों का शिक्षा भत्ता 25 प्रतिशत बढ़ेगा, सरकार का आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने अपने कर्मचारियों के लिए बच्चों की शिक्षा के भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा में संशोधन किया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि ये संशोधन एक जनवरी, 2024 से लागू होंगे। एक जनवरी, 2024 से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी के बाद यह कदम उठाया गया है। वर्ष 2018 के एक दिशानिर्देश का हवाला देते हुए कार्मिक मंत्रालय ने कहा, आदेश में प्रावधान है कि जब भी संशोधित वेतन में महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा तो बच्चों के शिक्षा भत्ते और छात्रावास सब्सिडी की सीमा स्वाभाविक रूप से 25 प्रतिशत बढ़ जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा होने के मद्देनजर बच्चों का शिक्षा भत्ता और छात्रावास सब्सिडी की राशि के बारे में जानकारी मांगी जा रही है। कार्मिक मंत्रालय के नवीनतम आदेश में कहा गया है कि सरकारी कर्मचारियों की ओर से किए गए वास्तविक खर्चों के बावजूद बच्चों के शिक्षा भत्ते की राशि 2,812.5 रुपये प्रति माह होगी और छात्रावास सब्सिडी 8,437.5 रुपये प्रति माह होगी। इसके अलावा, सरकारी कर्मचारियों के दिव्यांग बच्चों के लिए बच्चों के शिक्षा भत्ता सामान्य दरों से दोगुनी यानी 5,625 रुपये प्रति माह (निर्धारित) होगा।

### सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का जनवरी-मार्च तिमाही में मुनाफा 10 गुना बढ़ा

**सियोल , एजेंसी।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स का जनवरी-मार्च तिमाही में परिचालन लाभ 10 गुना होकर 6600 अरब वॉन (4.8 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। यह पिछले साल की समान अवधि में 640 अरब वॉन (46.5 करोड़ डॉलर) था। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि मेमोरी चिप की ऊंची कीमतों और प्रमुख गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन की मजबूत बिक्री के दम पर कंपनी का राजस्व करीब 13 प्रतिशत बढ़कर 71900 अरब वॉन (52 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। एआई चिप की बढ़ती मांग को देखते हुए सैमसंग ने कहा कि उसने इस महीने अपने नवीनतम एचबीएम चिप (जिन्हें 8-लेयर एचबीएम3ई कहा जाता है) का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। दूसरी तिमाही में चिप के 12-लेयर संस्करण का उत्पादन शुरू करने की योजना है। सैमसंग ने एक बयान में कहा, ''2024 की दूसरी छमाही में व्यापक आर्थिक रुझानों और भू-राजनीतिक मुद्दों से संबंधित निरंतर अस्थिरता के बावजूद, मुख्य रूप से जनरेटिव एआई से जुड़ी मांग के साथ कारोबारी स्थितियां सकारात्मक रहने की उम्मीद है।

## पतंजलि समूह की मुश्किलें बढ़ी, जीएसटी बकाया के लिए दो कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** योग गुरू स्वामी रामदेव के नेतृत्व वाले पतंजलि समूह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने इस समूह की कंपनियों पतंजलि आयुर्वेद और पतंजलि फूड्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। कंपनी ने कहा कि उसे एक कारण बताओ नोटिस मिला है। जिसमें कंपनी और उसके अधिकारियों को से कारण बताने को कहा गया है कि क्यों न उससे 27.46 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट वसूला जाए और जुर्माना क्यों न लगाया जाए। डीजीजीआई ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा अधिनियम 2017 और उत्तराखंड राज्य वस्तु एवं सेवा अधिनियम 2017 की धारा 74 और अन्य लागू प्रावधानों का हवाला दिया है। वहीं, पतंजलि फूड्स ने कहा, प्राधिकरण ने अभी केवल कारण बताओ नोटिस जारी किया और कंपनी अपने बचाव के लिए जरूर कार्रवाई करेगी। कंपनी ने कहा, कार्यवाही पूरी होने तक अपेक्षित वित्तीय निहितार्थ तय नहीं किए जा सकते। पिछले हफ्ते पतंजलि फूड ने कहा था कि वह पतंजलि आयुर्वेद के गैर-खाद्य व्यवसाय के अधिग्रहण के प्रस्ताव का मूल्यांकन करेगी। पतंजलि फूड्स को पहले रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। यह एक प्रमुख एफएमसीजी खिलाड़ी है। कंपनी खाद्य तेलों, खाद्य और एफएमसीजी और पवन उर्जा उत्पादन क्षेत्रों में पतंजलि, रुचि गोल्ड, न्यूट्रेला आदि जैसे ब्रांड के गुलस्ते के जरिए काम करती है। पतंजिल ने दिवालिया प्रक्रिया के जरिए रुचि सोया का अधिग्रहण किया था और बाद में कंपनी का नाम बदलकर पतंजलि फूड्स लिमिटेड कर दिया गया था।

### पतंजलि के 10 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस रद्द

उत्तराखंड के औषधि नियंत्रण प्रशासन की ओर से जारी एक आदेश के मुताबिक, पतंजलि के 10 दिव्य फार्मेसी उत्पादों के विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। यह आदेश इस महीने की शुरुआत में जारी किया गया था। इसमें कंपनी द्वारा औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक ) अधिनियम और औषधि एवं कॉस्मेटिक अधिनियम का उल्लंघन करते हुए इन उत्पादों के भ्रामक के बारे में शिकायतों का संज्ञान लिया गया था।

## कर्ज देने वाले संस्थानों पर भारतीय रिजर्व बैंक ने चलाया चाबुक, कहा- गलत ब्याज लिया तो तुरंत लौटाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर कर्ज देने वाले बैंकों के साथ वित्तीय संस्थानों पर चाबुक चलाया है। इसने कहा, जिन संस्थानों ने भी गलत तरीके से अतिरिक्त ब्याज लिया है, वे तुरंत इस पर कार्रवाई करें और इसे लौटा दें। ये संस्थान ब्याज वसूलने में अनुचित तरीकों का सहारा ले रहे हैं। यह पूरी तरह से गलत है।

आरबीआई ने सोमवार को जारी सर्कुलर में कहा, 2003 से विनियमित संस्थाओं (आरई) को समय-समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। इनमें कर्ज मूल्य निर्धारण नीति पर निष्पक्षता और पारदर्शिता की बात है। उचित व्यवहार को लेकर स्पष्टता है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए आरई की जांच के दौरान आरबीआई को ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में कुछ अनुचित



प्रथाओं के उदाहरण मिले हैं। आरबीआई ने प्रमुख रूप से निष्पक्षता और पारदर्शिता में अनुचित प्रथाओं को लेकर चिंता जताई है।

केंद्रीय बैंक ने कहा, सभी आरई कर्ज वितरण के तरीके, ब्याज के आवेदन और अन्य शुल्कों के संबंध में अपनी प्रथाओं की समीक्षा करें। सिस्टम स्तर पर बदलाव करें। ब्याज वसूलने के मुद्दे पर जरूरी सुधारात्मक कार्रवाई करें। आरबीआई ने कहा, ऑनसाइट जांच के दौरान यह पाया गया कि आरई ने कर्ज मंजूरी की तारीख या कर्ज समझौते की तारीख से ब्याज वसूला है। जबकि ब्याज तबसे वसूलना चाहिए, जब ग्राहक को लोन मिल चुका हो।

### ग्राहक को चेक बाद में मिला, ब्याज पहले वसूला

आरबीआई ने कहा, ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जहां चेक की तारीख से ब्याज वसूला गया। जबकि ग्राहक को चेक कई दिनों बाद दिया गया। कुछ संस्थानों ने जिस महीने में कर्ज दिया, उस महीने का पूरा ब्याज लिया है। कुछ मामलों में संस्थानों ने ग्राहक से एक या कई किस्तें लोन देने के समय ले लिए, लेकिन ब्याज पूरे कर्ज पर लिया है। कुछ मामलों में कर्ज वितरण के लिए जारी किए गए चेक के बदले आरई को ऑनलाइन ट्रांसफर का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## टाटा ने की 835 करोड़ रुपए की खरीदारी, अब टाटा प्ले में हो गई है 70 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने टाटा प्ले में अपनी हिस्सेदारी 70 प्रतिशत तक बढ़ा ली है। टाटा संस ने टाटा प्ले में सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक की पूरी 10 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 100 मिलियन डॉलर (करीब 835 करोड़ रुपए) में खरीद ली है। इसके साथ ही टाटा प्ले से सिंगापुर की कंपनी पूरी तरह बाहर हो गई है। इसके लिए डायरेक्ट-टू-होम (छ्रञ्ज॥) फर्म की वैल्यूएशन एक अरब डॉलर आंकी गई। नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले टाटा ग्रुप के लिए यह कंपनी काफी अहम है। इसकी वजह यह है कि मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में यह उसकी एकमात्र कंपनी है।

21 मिलियन ग्राहकों के साथ टाटा प्ले देश की सबसे बड़ी डीटीएच कंपनी है। एक सूत्र ने बताया कि कंपनी ने अपनी शेयरहोल्डिंग में बदलाव के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सूचित कर दिया है। डीटीएच नियमों के




तहत, लाइसेंस धारकों को शेयरधारिता या साझेदारी या प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पैटर्न में बदलाव के बारे में मंत्रालय को सूचित करना आवश्यक है। एक सीनियर मीडिया एग्जीक्यूटिव ने बताया कि टाटा संस ने टाटा प्ले में टेमासेक की हिस्सेदारी खरीद ली है। डीटीएच कंपनी ने शेयरहोल्डिंग में बदलाव के बारे में सरकार को बता दिया है। हालांकि टाटा संस, टेमासेक और टाटा प्ले ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### टाटा प्ले का आईपीओ

टेमासेक के बाहर निकलने के बाद अब टाटा प्ले में टाटा संस की 70 फीसदी और वॉल्ट डिज्नी 30 फीसदी हिस्सेदारी हो गई है। वॉल्ट डिज्नी भी इससे बाहर निकलने के विकल्पों पर विचार कर रही है। टाटा संस के पास पहले कंपनी में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि डिज्नी के पास 30 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। माना जा रहा है कि टाटा संस ने डिज्नी से भी उसकी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत की है। डिज्नी टाटा प्ले से बाहर निकलना चाहता है क्योंकि डीटीएच उसके लिए नॉन-कोर बिजनस है। डिज्नी ने रूपर्ट मर्डोक प्रमोटेड कंपनी wvst Century Fo& के भारत में एसेट्स को खरीदा था। इसके साथ ही उसे टाटा प्ले में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी भी मिली थी।

फरवरी में, डिज्नी ने अपने स्टार इंडिया बिजनस का रिलायंस इंडस्ट्रीज की कंपनी वायकॉम 18 के साथ मर्जर करने पर सहमति जताई थी। इससे 8.5 अरब डॉलर की मीडिया कंपनी बनेगी। टेमासेक ने अपनी सहयोगी कंपनी बेट्री इन्वेस्टमेंट्स मॉरीशस के माध्यम से 2007 में टाटा प्ले (पूर्व में टाटा स्काई) में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। सिंगापुर की यह कंपनी कई साल से आईपीओ के जरिए टाटा प्ले से बाहर निकलने पर विचार कर रही है। वॉल्ट डिज्नी भी आईपीओ के दौरान कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम करने की फिराक में है।

## सोना 130 रुपए लुढ़का, चांदी सपाट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमत 84,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 130 रुपये की गिरावट के साथ 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार चल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव पांच डॉलर की गिरावट के साथ 2,333 डॉलर प्रति औंस रह गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशल सर्विसेज के कमोडिटी रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नवनीत दमानी ने कहा, ब्याज दर में कटौती में देरी से अमेरिकी डॉलर इंडेक्स और यूएस ट्रेजरी यील्ड को सपोर्ट मिला है। इससे सोना कमजोर हुआ है। दूसरी ओर, वैश्विक बाजार में चांदी मामूली तेजी के साथ 27.22 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 27.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर बंद हुई थी।

मरुस्थलीकरण (रेगिस्तान का फैलना) आज विश्व भर में एक विकट समस्या बन गया है। उससे बड़ी संख्या में मनुष्य प्रभावित हो रहे हैं क्योंकि रेत का साम्राज्य बढ़ने से अन्न का उत्पादन घटता है और अनेक प्राकृतिक तंत्रों की धारण क्षमता कम होती है। पर्यावरण भी उसके कुप्रभावों से अछूता नहीं रह पाता। मरुस्थलीकरण से तात्पर्य उस प्रक्रिया से है, जिससे विश्व भर के शुष्क क्षेत्रों में उपजाऊ जमीन अनुपजाऊ जमीन में बदल रही है। मानव गतिविधियां और भौगोलिक परिवर्तन, दोनों इसके लिए जिम्मेदार हैं। शुष्क क्षेत्र उन इलाकों को कहते हैं, जहां उतनी बारिश नहीं होती कि घनी हरियाली पनप सके। विश्व के कुल स्थल भाग का लगभग 40 प्रतिशत, अथवा 5.4 करोड़ वर्ग किलोमीटर शुष्क है। मरुस्थलीकरण इन्हीं शुष्क भागों में अधिक देखने में आता है।



# मिट्टी हो रही रेत

भारत का 69.6 प्रतिशत भूभाग (22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है। यद्यपि इन शुष्क इलाकों की उत्पादकता काफी कम है, फिर भी दूध, मांस, रेशे, चमड़ा आदि के उत्पादन में वे काफी योगदान देते हैं। देश की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग शुष्क इलाकों में रहता है। भारत में 17.36 करोड़ हेक्टेयर, अथवा देश के कुल क्षेत्रफल का 53 प्रतिशत, मरुस्थलीकरण से प्रभावित है। ये इलाके अक्सर सूखे की चपेट में भी रहते हैं। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। राजस्थान का पश्चिमी भाग और गुजरात का कच्छ जिला लगभग सदा सूखे की गिरफ्त में रहते हैं।

मनुष्य तथा उसके पालतू पशु सदा से ही रेगिस्तानी इलाकों में रहते आ रहे हैं। विश्व के अन्य शुष्क इलाकों की तुलना में भारत के शुष्क इलाकों में मानव आबादी का दबाव कहीं ज्यादा है। भारत के पास विश्व के कुल स्थल भाग का मात्र 2.4 प्रतिशत है, लेकिन कुल मानव आबादी का 16.67 प्रतिशत भारत में रहता है। इतना ही नहीं, भारत में विश्व में मौजूद चरागाहों का मात्र 0.5 प्रतिशत ही है, पर यहां विश्व में मौजूद मवेशियों का 18 प्रतिशत पलता है। मनुष्य और मवेशियों का यह असहनीय दबाव मरुस्थलीकरण को बढ़ावा दे रहा है। थार रेगिस्तान के भीतरी भागों तक में खेती और पशुपालन का प्रसार हो रहा है। रेगिस्तानी इलाकों में पानी की सीमित उपलब्धि वानस्पतिक उत्पादकता की सीमा बांध देती है। वहां वर्षा भी बड़े ही अनियमित ढंग से होती है, जिससे अन्न के उत्पादन में बड़ी-बड़ी अनियमितताएं देखी जाती हैं। इससे पैदा हुई अन्न की किल्लत से गरीब तबके के लोग सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। जीवित रहने के लिए उन्हें रेगिस्तान की वनस्पति पर अत्यधिक निर्भर होना पड़ता है। जैसे-जैसे मनुष्यों और मवेशियों की संख्या बढ़ती जाती है, यह निर्भरता भी बढ़ती है। किसी भी प्राकृतिक-तंत्र की धारण क्षमता सीमित होती है। इस सीमा का उल्लंघन होने पर वह तंत्र बिखरने लगता है। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र भी मनुष्य द्वारा डाले गए दबाव से आखिरकार चरमरा जाता है। यदि समय रहते इस विघटनकारी प्रक्रिया को रोका नहीं गया, तो सारा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है, अथवा अत्यधिक चराई और लकड़ी के लिए पेड़ों की छंटाई के कारण उस तंत्र में उपयोगी पौधों की तादाद घट जाती है। उनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पौधे ले लेते हैं। नतीजा यह होता है कि वह तंत्र अब पहले से भी कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है। यही दुश्चक्र मरुस्थलीकरण को गति देता है।

यद्यपि शुष्क इलाकों में बारिश कम होती है, पर जो बारिश होती है, वह काफी तेज और तूफानी ढंग की होती है। इससे इन इलाकों में बारिश अक्सर बाढ़ का रूप धारण करके उपजाऊ मिट्टी को बहा ले जाती है। एक अनुमान के अनुसार बंजर इलाकों में हर हेक्टेयर क्षेत्र से हर साल पानी के कटाव से 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। इससे देश के बहुत बड़े-बड़े इलाकों में खड्ड और नाले बन गए हैं और वे खेती के लिए निकम्मे हो गए हैं। काफी इलाकों में रेत के टीलों ने अधिकार जमा लिया है। इस प्रकार अनुपयोगी बनी जमीन को पुन: उपजाऊ बनाने का काम वहां की मिट्टी की जिजीविषा शक्ति पर निर्भर करता है, पर यदि समय रहते कदम न उठाए गए, तो यह मिट्टी ही लुप्त हो जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को त्वरित कर देता है, यद्यपि सूखे का प्रभाव क्षणभंगुर ही होता है।



अभी हाल तक हर गांव में नदी-तालाब होते थे, जिनका पानी फसल उगाने के लिए पर्याप्त था। गांव के गोचरों में मवेशियों के लिए चारा पैदा होता था। आसपास के जंगलों से चूल्हे के लिए लकड़ी मिल जाती थी। आज इन्हीं गांवों का हाल बिलकुल बदल गया है। नदी-तालाब सूख गए हैं, अथवा उनमें पानी बहुत कम रह गया है। जो जलाशय बचे हैं, उनमें से कई तो इतने प्रदूषित हो गए हैं कि उनका पानी पीने लायक नहीं रह गया है। गांव की स्त्रियों को पानी, चारा और ईंधन लाने के लिए मजबूरन कोसों चलना पड़ रहा है। यह दुखद स्थिति गांवों तक सीमित नहीं है, अनेक शहरों की भी यही दशा है। मिट्टी के कटाव का एक अन्य दुष्परिणाम यह है कि पानी के साथ बह आई मिट्टी जलाशयों में जमा होकर उनके जलधारण क्षमता को घटा रही है। इससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है और लाखों लोगों को हर साल बारिश के मौसम में बेघर होना पड़ता है। हमारे देश में ऐसे व्यक्तियों की तादाद बहुत ज्यादा है जिनके लिए बारिश का मौसम अभिशाप बनकर आता है, क्योंकि वह मौत, बीमारी और तबाही का पैगाम भी साथ लाता है। बड़ी-बड़ी पनबिजली योजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित बिजली की मात्रा घटी है और इन योजनाओं की आयु कम हो गई है।

मिट्टी को पहुंचे नुकसान से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आई है, उसे लगभग 23,200 करोड़ रुपए आंका गया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हमारे जैसे निर्धन देश में बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत है, न कि घटाने की।

मरुस्थलीकरण एक बहुआयामी समस्या है जिसके जैविक, भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक आदि अनेक पक्ष हैं। इसलिए उससे निपटने में केंद्र और राज्य सरकारों की अनेक संस्थाएं योगदान दे रही हैं। मरुस्थलीकरण से लड़ रहे मुख्य मंत्रालयों में शामिल हैं पर्यावरण और वन मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और जल संसाधन मंत्रालय।

सन 1985 में राष्ट्रीय भूमि-उपयोग एवं परती विकास परिषद को उच्चतम नीति-निर्धारक एवं समायोजक एजेंसी के रूप में गठित किया गया। यह परिषद देश भर की जमीनों के प्रबंध से जुड़ी समस्याओं पर विचार करती है तथा नीतियां बनाती है। इस परिषद के अध्यक्ष स्वयं प्रधान मंत्री हैं। यह परिषद राष्ट्रीय भूमि-उपयोग एवं संरक्षण बोर्ड, राष्ट्रीय परती भूमि विकास बोर्ड और राष्ट्रीय वनीकरण एवं पारिस्थितिकी-विकास बोर्ड के कामों की देखरेख करती है। राज्य स्तर पर राज्य-स्तरीय भूमि-उपयोग बोर्ड गठित किए गए हैं। इनके अध्यक्ष संबंधित राज्य के मुख्य मंत्री होते हैं। ये बोर्ड भूमि विकास संबंधी कार्यक्रम चलाते हैं।

पिछले कई सालों से शोध संस्थाएं कृषि विश्वविद्यालयों के सहयोग से मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रभावों पर गहन अनुसंधन कार्यों में लगी हुई हैं। इन अनुसंधानों की प्राथमिकता रही है मरुस्थलीकरण रोकना और सूखा-पीड़ित इलाकों की उत्पादकता बढ़ाने की कार्यक्षम विधियां विकसित करना। इन अनुसंधान कार्यों को आर्थिक मदद देने के लिए केंद्रीय और राज्य स्तर की अनेक अनुसंधान संस्थान गठित किए गए हैं। इनमें शामिल हैं, हैदराबाद का केंद्रीय शुष्क खेती अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, करनाल का केंद्रीय क्षारीय जमीन अनुसंधान संस्थान, देहरादून का केंद्रीय मृदा एवं जल संरक्षण अनुसंधान संस्थान, झांसी का भारतीय वन एवं चरागाह अनुसंधान संस्थान और नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के परिसर में स्थित जल प्रौद्योगिकी केंद्र। देहरादून के भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षण परिषद के मार्गदर्शन में अनेक शोध संस्थाएं शुष्क प्रदेशों के वनों के पुनरुद्धार के कार्य में लगी हैं तथा इन वनों की उत्पादकता में वृद्धि लाने के तरीके खोज रही हैं। ये सब संस्थाएं शुष्क क्षेत्रों के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियां विकसित करने के साथ-साथ कर्मचारियों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण भी देती हैं। इन संस्थाओं के कार्यों को समर्थन देने के लिए काफी धनराशि उपलब्ध कराई गई है और नीतिमूलक संरचनाएं एवं विधि-कानून बनाए गए हैं।

सन 1992 में ब्राजील के रियो द जनेरियो में हुए पृथ्वी सम्मेलन में विश्व समुदाय ने मरुस्थलीकरण रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर किए। 15 जून 1994 को इस संधि को कानूनी स्वरूप दिया गया। भारत ने उसे 17 दिसंबर 1996 को अनुमोदित किया। इस संधि का उद्देश्य है मरुस्थलीकरण रोकना तथा मरुस्थलीकरण और सूखे के कारण मानव समुदायों पर पड़ रहे विपरीत प्रभावों को कम करने के लिए सभी देशों के बीच सभी स्तरों पर सहयोग बढ़ाना। मरुस्थलीकरण रोकने के भगीरथ कार्य में पारंपरिक ज्ञान की अहम भूमिका है क्योंकि वह समयसिद्ध ही नहीं है, बल्कि साधारण जनता की दैनंदिन की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब भी रहा है। इनमें से कुछ पारंपरिक विधियों का संक्षिप्त विवरण आगे दिया जा रहा है।

थार रेगिस्तान में वर्ष के कुछ ही महीने फसल उगाने के लिए उपयुक्त होते हैं। अत: वहां के लोगों ने अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए खेती के साथ पशुपालन भी करना सीख लिया है। गर्मियों में वे बाजरा आदि खुरदुरे अनाजों की खेती करते हैं, जिन्हें बहुत कम पानी चाहिए होता है। लेकिन पालीवाल नामक एक काश्तकार समुदाय वर्षाजल संचित करके सर्दियों की फसल भी उगाने में सफल हुआ है। इस विधि को खदीन प्रणाली कहते हैं। आज 500 से भी ज्यादा छोटे-बड़े खदीन हैं जो 12,140 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित कर रहे हैं। बिहार में इससे मिलता-जुलता एक दूसरा तरीका है जिसे अहर कहा जाता है।



# ये हैं दुनिया के रहस्यमयी प्राणी



## जर्सी डेविल

जर्सी डेविल के बारे में 1800 से लेकर 20वीं सदी तक कई तरह की बातें की जाती रही। इसे न्यू जर्सी के दक्षिणी क्षेत्र में देवदार वृक्ष के जंगल में देखे जाने की बात सामने आई थी। जर्सी डेविल के बारे में कहा जाता था कि उसके दो पैर, चमगादड़ की तरह पंख और घोड़े की तरह मुंह था। इस विचित्र प्राणी को लेकर यह प्रचलित था कि एक चुड़ैल जब अपने 13वें बच्चे को जन्म दे रही थी उस समय उसने शैतान को जगा दिया था। इस कारण जन्म लेते ही इस बच्चे का विचित्र ढंग से रूप बदल गया।

## फ्लैटवुड मॉन्स्टर

फ्लैटवुड मॉन्स्टर भी किसी परलौकिक प्राणी की तरह दिखाई देता था। वेस्ट वर्जीनिया में ब्रेक्सटन काउंटी के फ्लैटवुड कस्बे में 12 सितंबर, 1952 को इसे देखा गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार वह 10 फीट लंबा था और उसका चेहरा लाल रंग का था। उसका विचित्र चेहरा और आंखें इंसानों जैसी नहीं थीं। ऐसा लगता था कि वह गहरे रंग की स्कर्ट पहने हुए है।



## लिजर्डमैन



दुनिया के सबसे डरावने विचित्र प्राणियों में अमेरिका का लिजर्डमैन भी है। साउथ कैरोलिना की ली काउंटी के स्वाम्पलैंड क्षेत्र में इसे 29 जून, 1988 को देखा गया था। हरी त्वचा वाले इस विचित्र प्राणी की लंबाई 7 फीट 2 इंच लंबी थी। रिपोर्ट्स के अनुसार लिजर्डमैन के हर पैर में तीन अंगूठे और हर हाथ में तीन अंगुलियां थीं। वह दीवारों और सीलिंग पर चढ़ जाता था। एक प्रमाण यह भी है कि उसने एक कार को भी नुकसान पहुंचाया था। वह इतना ताकतवर था कि उसने कार तक को तोड़ दिया था।

## डोवर डीमन

इस विचित्र और डरावने प्राणी को अमेरिका में देखा गया था। मैसाचुसेट्स के डोवर टाउन में सन 1977 में 21 और 22 अप्रैल को दिखाई दिया था। इसके विचित्र रूप के कारण इसके एलियन या किसी प्रयोग का कोई हिस्सा होने के अनुमान लगाए जाते रहे। वह हाइब्रिड एलियन भी हो सकता था। कुछ लोगों का कहना है यह किसी दूसरे लोक से आया था। डोवर डीमन का सिर बड़ा था, आंखें ऑरेंज कलर की और हाथ-पैर पतले दिखाई देते थे। बताया जाता है कि यह बिना बालों का था। इसमें फेशियल फीचर्स बहुत कम थे। यह विचित्र प्राणी लगभग तीन फीट लंबा था। डोवर डीमन सांप की तरह फुफकारता और बाज की तरह चीखता था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह किसी दूसरे ग्रह से आया होगा या जैविक कारणों से धरती के ही किसी जीव का आकार बदल गया होगा।



## गोटमैन

बकरी और इंसान के फीचर्स लिए यह विचित्र जीव पहली बार अमेरिका में देखा गया था। इसके बारे में पहली रिपोर्ट 1957 में आई थी। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार उसने बालों और सींग वाला एक दैत्य जैसा दिखने वाला प्राणी देखा था। इसे फॉरेस्टविले और अपर मार्लबोरो के प्रिंस जॉर्ज काउंटी में देखा गया था। यह 1962 तक छिपा रहा लेकिन एक दर्जन बच्चों और दो वयस्क लोगों की हत्या कर दी। यह लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला करता था और शवों को कई टुकड़ों में काट डालता था।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी





## रिलीज के लिए तैयार है तमन्ना भाटिया की अरनमनई 4

तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसी के मद्देनजर फिल्म का प्रचार जोरों पर है। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना इसके प्रचार में जुटी हुई हैं। दोनों ही अभिनेत्रियां इस काम में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। मालूम हो कि तमन्ना इन दिनों आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग मामले के चलते विवादों में घिरी हुई हैं।

### 3 मई को होगी रिलीज

फिल्म अरनमनई 4 में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के अलावा सुंदर सी भी मुख्य भूमिका में हैं। इन तीनों के अलावा कोवई सरला, योगी बाबू, वेनेला किशोर, श्रीनिवास रेड्डी, सुनील और केएस रविकुमार भी अभिनय करते नजर आएंगे। यह फिल्म 3 मई, 2024 को रिलीज होगी। तेलुगु में इस फिल्म को उसी दिन बाक के नाम से रिलीज किया जाएगा। फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। उन्हें फिल्म के चौथे भाग से काफी उम्मीदें हैं।

### सुंदर सी की पत्नी ने किया हैं फिल्म का निर्माण

फिल्म सेंसर बोर्ड से भी प्रमाणपत्र पा चुकी है। इसे यू/ए प्रमाणपत्र दिया गया है। इसका निर्माण सुंदर सी की पत्नी खुशबू सुंदर और एसीएस अरुण कुमार ने किया हैं। फिल्म में संगीतकार हिपहॉप तमिझा का संगीत सुनने को मिलेगा। हाल ही में, फिल्म के गाने अचाचो को रिलीज किया गया था। इस गाने में तमिझा के संगीत, खरेस्मा रविचंद्रन की आवाज और विग्नेश श्रीकांत के बोल को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

### 2014 में रिलीज हुआ था पहला भाग

अरनमनई सीरीज की पहली फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। पहले भाग में हंसिका मोटवानी, विनय राय, सुंदर और एंड्रिया जेरेमिया ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का दूसरा भाग 2016 में रिलीज हुई था। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, सिद्धार्थ और तृषा नजर आए थे। वहीं, तीसरा भाग साल 2021 में रिलीज किया गया था, जिसमें सुंदर, राशि खन्ना और एंड्रिया जेरेमिया ने काम किया था।



# राशि खन्ना का खुलासा

# स्क्रिप्ट पढ़े बिना ही साइन की तेलुगु फिल्म बाक

हॉरर फिल्म अरनमनई 4 लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फैंस भी इस फिल्म से जुड़ी हर जानकारी जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। यह एक हॉरर कॉमेडी और सस्पेंस से भरी फिल्म है। यह फिल्म 3 मई 2024 को रिलीज होगी। तेलुगु में इस फिल्म को उसी दिन बाक के नाम से रिलीज किया जाएगा। फिल्म को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। उन्हें फिल्म के इस चौथे भाग से काफी उम्मीदें हैं। पहले इस फिल्म की रिलीज डेट 26 अप्रैल तय की गई थी, लेकिन अब इसे 3 मई को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। अरनमनई 4 में रामचंद्र राजू, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश, दिल्ली गणेश और कई दिग्गज कलाकार हैं। फिल्म का निर्माण अवनि सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर द्वारा किया गया है और संगीत संगीतकार जोड़ी हिपहॉप तमिझा द्वारा दिया गया है। राशी खन्ना दक्षिण में एक ठोस हिट की तलाश में हैं और उन्होंने बाक से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं। तेलुगु राज्यों में तेलुगु संस्करण कि यह फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है। इस फिल्म से फैंस के साथ ही स्टारकास्ट को भी काफी उम्मीदें हैं।

फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना भी इसका प्रचार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही हैं। एक इंटरव्यू के दौरान राशि खन्ना ने कहा, जब सुंदर सी ने उन्हें फोन किया तो उन्होंने (राशि) बिना स्क्रिप्ट सुने ही फिल्म के लिए हां कह दिया। वह इसकी स्क्रिप्ट सुनना ही नहीं चाहती थीं क्योंकि वह सिर्फ इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना चाहती थीं।

अरनमनई सीरीज की पहली फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। पहले भाग में हंसिका मोटवानी, विनय राय, सुंदर और एंड्रिया जेरेमिया ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का दूसरा भाग 2016 में रिलीज हुई था। इसमें सुंदर, हंसिका मोटवानी, सिद्धार्थ और तृषा नजर आए थे। वहीं, तीसरा भाग साल 2021 में रिलीज किया गया था, जिसमें सुंदर, राशि खन्ना और एंड्रिया जेरेमिया ने काम किया था। तमन्ना इन दिनों आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग मामले के चलते विवादों में घिरी हुई हैं। इसके अलावा तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 को लेकर सुर्खियों में लगातार बनी हुई हैं। इस फिल्म की शूटिंग मार्च महीने से शुरू हो चुकी है। ओडेला 2 क्राइम-थ्रिलर फिल्म ओडेला रेलवे स्टेशन का दूसरा भाग है। इसका पहला भाग साल 2022 में रिलीज हुआ था। तो वहीं राशि खन्ना हील ही में फिल्म योद्धा में नजर आई थीं।

## वेलकम टू द जंगल में आफताब की हुई एंट्री

वेलकम टू द जंगल को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस फिल्म में बड़ी संख्या में सितारे नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में अब आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गई है। इस बात की पुष्टि खुद अभिनेता ने सोशल मीडियाके जरिए की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर को साझा करते हुए बताया कि फिल्म में वे भी काम कर रहे हैं। आफताब ने 16 साल पहले और 2024 की तस्वीर का कोलाज साझा करते हुए लिखा, पहली और दूसरी तस्वीर 16 साल के अंतराल पर ली गई है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि तब से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। आवारा को पागल जंगल में इस दीवाने का स्वागत करने के लिए धन्यवाद। इस फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज करने की तैयारी चल रही है। इस फेंचाइजी में अक्षय कुमार ने एक बार फिर वापसी की है। वेलकम के दूसरे भाग में उनकी जगह जॉन अब्राहम नजर आए थे। वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव सहित कई बॉलीवुड अभिनेता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## पैपराजी से नाराजगी पर बोलीं तापसी

तापसी पन्नू कई बार पैपराजी पर नाराज होती नजर आई हैं। इस बारे में चर्चा करते हुए तापसी ने एक इंटरव्यू में कहा- मैं 'रियल' हूं और केवल 'म्यूचुअल रिस्पेक्ट' की उम्मीद करती हूं। जो एक्टर्स पैपराजी के सामने एक्स्ट्रा स्वीट बनते हैं, ऐसे लोगों को तापसी ने 'लाजवंती' नाम दिया है। तापसी का कहना है कि वो इस तरह का दिखावा नहीं कर सकती हैं। एक्ट्रेस ने साफतौर पर कहा- मुझे माफ करें, लेकिन मैं 'लाजवंती' नहीं बन सकती। तापसी ने कहा- भले ही लोग मुझे अजीब समझते हों, लेकिन मैं केवल 'रियल' रहने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा- अगर आप मुझसे बात करते हैं, तो मैं बातचीत करूंगी, लेकिन अगर आप ये कहते हैं कि, 'आपकी पिछली फिल्म नहीं चली, तो कैसा लगता है?' या इतनी देर से खड़ी हैं, फोटो तो दे दो फिर।' आप मुझसे इस तरह की बातें करेंगे तो मैं आपसे बातचीत नहीं कर पाऊंगी। क्योंकि यहां 'म्यूचुअल रिस्पेक्ट' की जरूरत है। तापसी ने कहा- अगर आप किसी ऐसी जगह पर आ आते हैं, जहां मैं काम नहीं कर रही हूं। ऐसे में आप मुझसे ये उम्मीद नहीं कर सकते हैं कि मैं आपको एंटरटेन करूं। कुछ महीने पहले तापसी डिनर के बाद रेस्टोरेंट से निकलीं तो उन्होंने देखा कि पैपराजी उनकी कार को घेरे खड़े हुए थे। ये देखकर तापसी भड़क गई थीं और उन्होंने पैपराजी को ताना मारते हुए कार से दूर हटने की रिक्वेस्ट की थी। इस इंसीडेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पैपराजी उनके सामने से हट नहीं रहे थे, तो तापसी उनसे कई बार हटने के लिए बोले जा रही थीं। फिल्म 'दोबारा' के प्रमोशन के दौरान तापसी एक इवेंट में लेट पहुंची थीं तब उनकी पैपराजी से बहस हो गई थी। जब पैपराजी ने उनसे कहा कि हम आपका काफी देर से वेट कर रहे हैं तो तापसी ने कहा कि आप मुझे क्यों डांट रहे हो। मुझे जो टाइम दिया गया है, मैं उस टाइम पर आ रही हूं। आप मुझसे ढंग से बात कीजिए।'





## भंसाली से बेटे की तारीफ सुन शेखर के छलक पड़े आंसू

संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार की चर्चा इस समय हर ओर हो रही है। जल्द ही इस शो की स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स पर शुरू होने वाली है। इसमें कई दिग्गज कलाकारों के साथ अध्ययन सुमन भी नजर आने वाले हैं। सीरीज में उनके किरदार को लेकर लोगों में काफी ज्यादा उत्सुकता देखने को मिल रही है। शो में उनके अभिनय से भंसाली भी काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इस बात का खुलासा हाल ही में खुद शेखर सुमन ने किया है। एक बातचीत में शेखर ने बताया कि कैसे संजय लीला भंसाली अध्ययन के पांच मिनट का एक संवाद प्रस्तुत करते हुए देखकर बहुत प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि भंसाली ने इस सीन के बाद अध्ययन से सवाल किया कि क्या उनके पिता ने उनके अभिनय कौशल को प्रभावित किया है। अभिनेता ने खुलासा किया कि एक ही टेक में शॉट देने के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम ने उनके बेटे प्रशंसा की और तालियां बजाईं। शेखर ने बताया कि उनकी इस परफॉरमेंस के बाद संजय लीला भंसाली ने जब फोन पर तारीफ की तो उनकी आंखों में आंसू आ गए थे। हीरामंडी की बात करें तो यह वेश्याओं की दुनिया पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है, जिसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, फरदीन खान जैसे शानदार कलाकार नजर आएंगे। 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकेगा। सीरीज में शेखर सुमन भी अहम किरदार में दिखने वाले हैं।



# इन सितारों ने प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों से किया इनकार

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। कई सितारों ने इस प्रक्रिया के चलते अपनी जान भी गंवा दी, तो वहीं, कई के चेहरे और शरीर सर्जरी के बाद भद्दे हो गए। हालांकि, कई सितारों की सर्जरी सफल रही और वह पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखने लगे। ऐसे में अफवाहों का बाजार भी खूब गर्म रहता है। आज हम ऐसे ही सितारों की बात करने जा रहे हैं, जिन्हें लेकर अफवाह उड़ी की उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है, लेकिन इन सितारों ने अफवाहों का खंडन कर दिया।

### राजकुमार राव

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की एक फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। वायरल फोटो देखने के बाद लोगों ने दावा करना शुरू कर दिया कि अभिनेता ने प्लास्टिक सर्जरी करवा ली है। हालांकि, एक साक्षात्कार में अभिनेता ने इस बात का खंडन कर दिया। राजकुमार राव ने कहा कि उनहोंने कोई सर्जरी नहीं करवाई है।

### लेडी गागा

हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों में से एक नाम है 'लेडी गागा' का। लेडी को भी सर्जरी की अफवाहों से गुजरना पड़ा है। लेडी गागा ने ऑस्कर और ग्रैमी जैसे अवार्ड जीते हैं। लेडी गागा भी हाल ही में चेहरे पर इंजेक्शन लगाने के प्रयोग के बारे में सफाई दी है। लेडी गागा हॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जोकर 2' में दिखेंगी।



### प्रियंका चोपड़ा

सालों से प्रियंका चोपड़ा को लगातार अफवाहों का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस पर अभिनेत्री ने खुलासा किया था कि उन्होंने नाक के पॉलीप के इलाज के लिए सर्जरी करवाई थी, जिसके कारण अनजाने में उनकी नाक के लिए सुधारात्मक प्रक्रियाएं हुईं।

### वाणी कपूर

अभिनेत्री वाणी कपूरी को भी ठोड़ी की सर्जरी की अफवाहों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, उन्होंने इन दावों का खंडन कर दिया। अपने चेहरे में आए बदलावों का कारण उन्होंने वजन कम होने को बताया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने यह तर्क भी दिया कि इस उद्योग में वह नई हैं, इसलिए वो सर्जरी का खर्च नहीं उठा सकतीं।

